लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



दक्षिण सिनेमा में जमाएंगी पैर...



कपड़ों से बदबू आने पर ब्रांड को लगाई फटकार

वर्ष : 12 | अंक : 192 | लखनऊ, 06 जुलाई, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### मुंबई में 3 मंजिला चॉल ढही, 6 लोगों की मौत

मुंबई। भारी बारिश के बीच मानखुर्द में 3 मंजिला चॉल ढह गई। इमारत गिरने से 6 लोगों की



मौत हो गई। बीएमसी ने इस हादसे के बारे में बताया कि मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बारिश और अंधेरे के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में अड़चन आ रही है इसके बाद भी बचाव दल पूरी ताकत से अपना काम करता रहा।

### कोलकाता में मुखर्जी की प्रतिमा का चबूतरा तोड़ा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के



साथ तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कोलकाता दौरे से एक दिन पहले घटी है। भाजपा ने इसे लेकर विरोध जताया है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुकिया स्ट्रीट में घटना हुई है।

### आर्मी ट्रक-एंबुलेंस में भिड़ंत, 3 की मौत

श्रीगंगानगर। जिले के सूरतगढ़ में रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे नेशनल हाईवे-62 पर भीषण सड़क



हादसा हो गया। जयपुर से डिस्चार्ज होकर घर लौट रही महिला मरीज को ले जा रही प्राइवेट एंबुलेंस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और सामने से आ रहे सेना के वाहन से टक्कर हो गई। इसमें 3 की मौके पर ही मौत हो गईए दो घायल हैं।

### जीएसटी अफसर के घर डकैती, बनाया बंधक

अलवर। शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित शालीमार नगर में शनिवार सुबह हुई दुस्साहसिक डकैती ने पूरे



शहर को दहला दिया। जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ओमप्रकाश के घर तीन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने घुसकर करीब डेढ़ घंटे तक परिवार को बंधक बनाए रखा। मारपीट की, धमकी दी। 15 तोला सोना, नकदी अन्य कीमती सामान लूट ले गए।

### विला में घुसा लुटेरा, 15 लाख की संपत्ति लूटी

ग्रेटर नोएडा। यहां के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी के एक



विला में देर रात एक बदमाश ने घुसकर महिला को चाकू की नोक पर बंधक बना लिया और लाखों रुपए के जेवर व नकदी लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से हाई-प्रोफाइल सोसाइटी के निवासियों में दहशत का माहौल है।

## पंजाब में चुनाव सिर पर और कांग्रेस को सता रहा पार्टी में टूट का डर

कांग्रेस में बगावत का अंदेशा, अब डैमेज कंट्रोल में जुटीं प्रियंका

# एकजुटता की अपील हो रही बेअसर दो वरिष्ठ नेताओं को चंडीगढ़ भेजा

### चन्नी-वडिंग की तकरार खत्म करने आमने-सामने मुलाकात की रणनीति बनाई

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पंजाब में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस को पंजाब में पार्टी की टूट का डर है। राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, लिहाजा पंजाब कांग्रेस में बनीं मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वरिष्ठ नेत्री प्रियंका गांधी ने फिलहाल स्थिति संभालने की पहल की है। इसके लिए उन्होंने दो वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली से चंडीगढ़ भेजा है।हाईकमान की ओर से भेजे गए दोनों वरिष्ठ नेताओं ने चंडीगढ़ में शनिवार को चन्नी खेमे के कुछ वरिष्ठ नाराज नेताओं से बुलाकर वन-टू-वन मुलाकात कर उनसे फिलहाल स्थिति को शांत रखने की अपील की। उधर, पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी से भी फोन पर बात कर उनसे राहुल के आने तक कोई बड़ा फैसला न लेने का आग्रह किया गया है। हाईकमान द्वारा संपर्क करने के बाद शनिवार को चन्नी भी थोड़े नरम दिखे मगर उनके समर्थक चन्नी को सीएम फेस घोषित करने या उन्हें पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की जिद पर अड़े रहे। समर्थकों का साफ कहना है कि उन्हें मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का नेतृत्व स्वीकार नहीं है।

### कांग्रेस किसी तरह की 'कमी' नहीं छोड़ना चाहती

पंजाब कांग्रेस में हुई इस बगावत के बाद हाईकमान एकदम सक्रिय हो गया है, क्योंकि वे पार्टी में बिखराव को विरोधियों की ताकत बनने नहीं देना चाहता है। उधर, भाजपा की नजरें भी इस पूरे विवाद पर गड़ी है जबकि कई भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के नाराज नेताओं से संपर्क साध रखा है। पंजाब कांग्रेस सूबे में किसी तरह का खेला नहीं होने देना चाहती जबकि भाजपा इस अवसर को भुनाने से पीछे नहीं हटना चाहती।

### जिताऊ चेहरों को ही मिलेगा टिकट



कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने एक सवाल के जवाब में बताया कि टिकट वितरण की जिम्मेदारी हाईकमान की है। इस बार हाईकमान ने यह जरूर साफ कर दिया है कि टिकट वितरण मेरिट के आधार पर ही होगा और जिताऊ चेहरों को ही टिकट दिया जाएगा।

### राहुल के बयान भी चर्चा में

इसी साल फरवरी में राहुल गांधी ने बरनाला में रैली के दौरान पंजाब के कांग्रेसियों को सख्त लहजे में गुटबाजी से दूर रहते हुए एकजुट रहने की अपील की थी। राहुल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में मंच से कहा था कि पार्टी में गुटबाजी करने वाले नेताओं को हाशिये पर बैठा दिया जाएगा और उनका इलाज खरगे करेंगे। इस अपील के चार महीने बाद ही पंजाब कांग्रेस में भारी बगावत देखने को मिली। अब देखना यह है कि इस स्थिति में हाईकमान का क्या स्टैंड रहता है।

### यहां वरिष्ठ नेताओं का 'एका' अहम

हाईकमान के इस मसले पर बैकफुट पर आने के आसार बहुत कम है। पार्टी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि पंजाब की सत्ता चाहिए तो वरिष्ठ कांग्रेसियों को हर हाल में एकजुट करना होगा। हाईकमान पंजाब में चुनाव से पहले एक रथयात्रा निकालने की भी तैयारी कर रहा है। रूट फाइनल किया जा रहा है और इसकी शुरुआत करने राहुल गांधी पंजाब आ सकते हैं। इस रथ पर पंजाब के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे और मिलकर कांग्रेस की ओर से चुनाव प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे मगर इससे पहले नाराज नेताओं से बातचीत कर उनके एतराज को दूर करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

कांग्रेस में मची खींचतान पर आप का बड़ा हमला

## आखिर कांग्रेस को कौन चला रहा ? इस पर बहस छिड़ी



पंजाब की सियासत में एक बार फिर गरमाहट आ गई है। प्रदेश कांग्रेस के भीतर चल रही अंदरूनी कलह को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप ) ने तीखा हमला बोला है। आप के पंजाब महासचिव बलतेज पन्नू ने कांग्रेस की इस गुटबाजी पर गहरा तंज कसा है। उन्होंने विपक्षी दल की सांगठनिक स्थिति पर सीधे सवाल उठाए हैं। न्नू ने सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में मचे इस घमासान के बीच कहा कि पंजाब की जनता आज यह जानने के लिए बेताब है कि आखिर कांग्रेस पार्टी को चला कौन रहा है? उनके इस बयान ने कांग्रेस के भीतर सुलग रही गुटबाजी की आग में घी डालने का काम किया है और पार्टी में नेतृत्व के संकट को फिर से बहस के केंद्र में ला दिया है।

### हर नेता खुद को आलाकमान समझ रहा

आप नेता ने कांग्रेस नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करते हुए कहा कि पार्टी में हर नेता खुद को आलाकमान समझ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि कार्यकर्ताओं को भी समझ नहीं आ रहा कि वे किस नेता के निर्देश का पालन करें। इस सांगठनिक भ्रम के कारण राज्य में मुख्य विपक्षी दल लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है।

लखनऊ में नबीन की बड़ी बैठक

## चुनावों के लिए शह- मात का खेल शुरू, भाजपा ने यहां चुनावी तैयारियां और तेज की



अमन लेखनी समाचार/लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर साल 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए शह-मात का खेल अभी से शुरू हो गया है। भाजपा ने सूबे की सत्ता पर दोबारा काबिज होने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को राजधानी लखनऊ में एनडीए सहयोगी दलों के साथ एक हाईप्रोफाइल बैठक हुई, जिसमें चुनावी दांव-पेंच और सीट शेयरिंग को लेकर लंबी चर्चा चली। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने साफ कर दिया कि इस सियासी जंग में एनडीए के सभी साथी एकजुट होकर मैदान में उतरेंगे। नबीन के तेवर काफी आश्वस्त नजर आए। उन्होंने गठबंधन में बेहतर तालमेल और समन्वय पर जोर देते हुए कहा भाजपा अपने बूते चुनाव लड़ने का माद्दा रखती है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी घटक दल मिलकर उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाएं।

### 2017 दोहराने का टारगेट

भाजपा हाईकमान का पूरा जोर इस वक्त सरकार और संगठन के बीच की खाई को पाटने पर है।मौर्य ने कहा कि सरकार और संगठन मिलकर काम करेंगे ताकि ऐतिहासिक जीत को दोहराया जा सके। मौर्य ने सपा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जनता को गुंडा राज, माफिया राज, परिवारवाद और दंगे नहीं चाहिए। उन्हें विकास और सुरक्षा चाहिए। कहा जा रहा कि भाजपा के लिए '2017 का फॉर्मूला' एक ऐसा बेंचमार्क है, जिसे वह हर हाल में पाना चाहती है।

### चौधरी और नबीन ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

लखनऊ में भाजपा के 'विशिष्ट जनसंपर्क अभियान' के तहत रविवार को अहम कार्यक्रम हुआ। नबीन ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ उत्तर प्रदेश के पद्म पुरस्कार से सम्मानित प्रबुद्धजनों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की। विभूतियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके अनुभवों-सुझावों को अहम बताया। इसका उद्देश्य हस्तियों के विचारों को जनहित से जोड़ना है।

विकसित भारत–जी राम जी

## चौहान ने राज्यों को 25,863 करोड़ रुपए की पहली किस्त दी, संसाधन उपलब्ध होंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी–जी राम जी के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा राज्यों को संचालन के लिए 25,863 करोड़ की पहली किस्त जारी की।चौहान ने कहा कि सरकार का संकल्प था कि 1 जुलाई से यह पूरे देश में बिना किसी व्यवधान के लागू हो। योजना में किसी भी प्रकार की संचालन संबंधी शिकायत नहीं है। गरीब मजदूर भाई-बहनों की सेवा ही भगवान की सेवा है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक रोजगार, समय पर मजदूरी देना है।

### ग्रामीण श्रमिकों को सम्मान



### इसमें धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पहली किस्त राज्यों की मांग के आधार पर जारी की गई है और भविष्य में भी धन उपलब्ध कराया जाएगा। चौहान ने कहा कि ग्राम सभाएं और ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन करें ताकि गांवों का समग्र और सहभागी विकास सुनिश्चित हो सके।

### राज्यों को समय पर भुगतान दिया जाएगा

चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी के अंतर्गत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब देश के किसी भी राज्य में मजदूरी 300 प्रतिदिन से कम नहीं होगी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण श्रमिकों की आय और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। पहली किस्त का उद्देश्य राज्यों को समय पर संसाधन उपलब्ध कराना है।

बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु की बड़ी चेतावनी

## हिंसा या औद्योगिक इकाइयों को निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं, 3 गुना होगी वसूली

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने बेहद सख्त कदम उठाया है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने साफ कर दिया है कि अब सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं होगी। नए कानून के तहत उपद्रवियों से नुकसान की 3गुना कीमत वसूली जाएगी। भवानीपुर में नागरिक समाज और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ हुई बैठक में यह बड़ी चेतावनी दी।



### नए कानून के मुख्य बिंदु

जुर्माना न चुकाने की स्थिति में आरोपी की अपनी संपत्ति को कुर्क और नीलाम किया जाएगा। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों को 12 महीने तक बिना ट्रायल हिरासत में रखा जा सकता है। फैक्ट्रियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जबरन बंद कराने या नुकसान पहुंचाने पर सीधे जेल होगी।

### मैं संविधान से बंधा हुआ हूं इसलिए

सुवेंदु ने भवानीपुर के वोटरों को संबोधित किया। अलीपुर में मीटिंग में सुवेंदु ने कहा कि हमने पुराने जानवरों को मारने के नियमों पर नए एक्ट को लागू करने के लिए कहा। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं संविधान से बंधा हुआ हूं।

महिला कर्मचारियों की भूमिका अहम

## प्रधानमंत्री ने चिप संयंत्र में भागीदारी को 'गर्व से' सराहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर उद्योग में युवा



कार्यबल, विशेषकर दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों से आने वाली महिला कर्मचारियों की भूमिका को रेखांकित किया।उन्होंने गुजरात के सानंद में एक दिन पहले सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा का उद्घाटन करने के बाद आई है। 'एक्स' पर प्रधानमंत्रीने कहा कि गुजरात के सानंद में नव उद्घाटित सेमीकंडक्टर संयंत्र में कर्मचारियों के साथ उनकी बातचीत इस दौरे के सबसे विशेष क्षणों में से एक रही। इस संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग देश के दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं का है, जिनमें कई आदिवासी समुदायों से हैं। उन्होंने प्रशिक्षण लिया और वे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा को नई ताकत दे रही हैं। उन्होंने लिखा, हमारी युवा शक्ति पर गर्व! देश की महिलाएं और युवा सराहनीय काम कर रहे हैं।

मौसम विभाग ने 15 राज्यों में भारी 'परेशानी' की चेतावनी दी

## 60 किमी प्रति घंटे तक चलेंगी हवाएं, तूफानी बारिश होगी



### दिल्ली से लेकर तमिलनाडु तक बारिश का सिलसिला शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली से लेकर तमिलनाडु तक बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने 15 राज्यों में अगले 10 घंटे के अंदर भीषण बारिश, आंधी और तूफान का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में बारिश के दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जिसकी रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। इसलिए लोगों से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। इन हवाओं से किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है।



### हिमाचल में चंद्रभागा नदी पर बनी 1 किमी लंबी झील

मनाली। हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिला में नई मुसीबत पैदा हो गई है। पिछले कुछ दिनों से जाहलमा नाले में पानी के साथ बड़े-बड़े पत्थर व मलबा आ रहा है, जिससे चंद्रभागा नदी में झील बन रही है। एक किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में यह झील बन गई है। जोबरंग पुल व आसपास के खेत डूब गए हैं। पानी जोबरंग पुल के ऊपर से बह रहा है।

### दिल्ली में 15 फ्लाइट रद्द, जयपुर और लखनऊ डाइवर्ट

दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण 15 फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा। 10 डोमेस्टिक और 5 इंटरनेशनल फ्लाइट्स को जयपुर और लखनऊ डायवर्ट किया गया।

### मुंबई में बारिश से पेड़ गिरने पर एक और शख्स की मौत



मुंबई। मुंबई में भारी बारिश से बीच पेड़ गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस सीजन यह मुंबई की दूसरी घटना है। इससे पहले स्कूल बस पर पेड़ गिरने से विहान श्रीवास्तव की मौत हुई थी।

# राजधानी में आंधी के बाद जोरदार बारिश

## 7 से फिर तेज बारिश के आसार, 59 जिलों में गरज-चमक और वज्रपात का अलर्ट

अमन लेखनी समाचार





**लखनऊ।** रविवार शाम को लखनऊ समेत आसपास के जिलों में तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। वहीं कानपुर में रात करीब 8 बजे हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। इससे पहले वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, बलिया और जालौन समेत करीब 10 शहरों में रुक-रुककर बारिश हुई। वाराणसी में करीब 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे गंगा नदी में एक नाव डगमगा गई और उसमें सवार यात्री घबरा गए।

मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से 4 जुलाई के बीच प्रदेश में 44 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य तौर पर इस अवधि में 118 मिमी बारिश होती है। इस तरह अब तक प्रदेश में सामान्य से लगभग 44 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। कम बारिश और तेज धूप के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, इटावा, सुल्तानपुर, बरेली और मेरठ समेत करीब दस जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहा। लेकिन शाम होते ही मौसम ने करवट ली और कई जिलों में तेज हवा संग बारिश हुई। ललितपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला और एक भैंस की मौत हो गई। वहीं प्रयागराज में सुबह 11:45 बजे शुरू हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। बलिया में दोपहर 12:30 बजे अचानक मौसम बदल गया और तेज हवा के बाद बारिश शुरू हो गई। शामली में बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जबकि मेरठ में तेज बारिश दर्ज की गई। गाजियाबाद में दोपहर 1 बजे बूंदाबांदी के साथ दिन में ही अंधेरा छा गया, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के अनुसार सोमवार को भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में व्यापक बारिश की संभावना कम है। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं मध्य प्रदेश से सटे दक्षिणी उत्तर प्रदेश, विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में अगले दो दिनों तक बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के 59 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार 7 जुलाई से मानसून दोबारा सक्रिय होने की संभावना है। इसके बाद प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और उमस से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब अवदाब में बदल गया है। इसके प्रभाव से उत्तर प्रदेश में मानसून के फिर सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। रविवार रात से सोमवार के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज बारिश और वज्रपात की संभावना है। कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक, वज्रपात और तेज बारिश की संभावना जताई है।

## केसरीखेड़ा आरओबी में, 52.9 मीटर लंबे गर्डर पर डेक वर्क पूरा

**लखनऊ।** केसरीखेड़ा रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर कार्य अंतिम चरण में हैं। गर्डर का डेक बनाया जा चुका है। अब पुल के बचे हिस्सों के क्रैश बैरियर बनाए जा रहे हैं। जुलाई मध्य तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद डामरीकरण करने और स्ट्रीट लाइट लगाने का काम पूरा करते हुए अगस्त से वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। रेलवे क्रासिंग पर रखे गए 52.9 मीटर लंबे गर्डर पर डेक (ऊपरी सतह/फर्श जिस पर वाहन चलते हैं) का निर्माण पूरा कर लिया गया। अब इसके दोनों तरफ और केसरीखेड़ा व कृष्णानगर साइड में लगभग 50-50 मीटर में छूटे क्रैश बैरियर (पुल की साइड वाली दीवार) को बनाया जा रहा है। इसके लिए लोहे के सांचे तैयार किए जा चुके हैं। सीमेंट और गिट्टी की ढलाई सोमवार से शुरू कर दी जाएगी। सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि इसी सप्ताह में क्रैश बैरियर को पूरा कर लिया जाएगा। पुल बनने से क्षेत्रवासियों को रेलवे क्रासिंग के अक्सर बंद रहने से लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। यह कानपुर रोड और हरदोई रोड को जोड़ेगा। अवध चौराहे पर भी ट्रैफिक का दबाव कम होगा। कानपुर रोड, हरदोई रोड, नादरगंज, अमौसी और तालकटोरा क्षेत्र की करीब पांच लाख की आबादी को फायदा मिलेगा।

## अमर हो गए मंगल, देहदान कर पेश की मिसाल

**लखनऊ।** बक्शी का तलाब के कठवारा गांव निवासी 78 वर्षीय मंगल ने मृत्यु के बाद भी मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। शनिवार को लंबी बीमारी के निधन के बाद उनका वर्षों पुराना संकल्प पूरा हुआ। 2013 में देहदान का पंजीकरण कराने वाले मंगल का पार्थिव शरीर अब किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के मेडिकल छात्रों की पढ़ाई और चिकित्सा अनुसंधान के काम आएगा। परिजनों के अनुसार मंगल का मानना था कि शरीर का अंतिम संस्कार करने के बजाय यदि वह चिकित्सा शिक्षा में काम आए, तो यह सबसे बड़ी समाज सेवा है। उनकी मृत्यु के बाद केजीएमयू की टीम ने उनके घर पहुंचकर सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक ले गई। उनके इस साहसी और प्रेरणादायी निर्णय की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कदम समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ दूसरों को प्रेरणा देगा। मंगल ने अनूठी मिसाल पेश की है। यह कदम समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरणादायक है।



# 174 सप्ताह से निरंतर जनसेवा का संकल्प

**डॉ. राजेश्वर सिंह के 'आपका विधायक, आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत तारा खेड़ा ग्राम पंचायत में ग्राम बैठक आयोजित**

**मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, विजन प्लस द्वारा विशेष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप एवं जनसंवाद के माध्यम से विकास और जनकल्याण पर हुई चर्चा**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित 'आपका विधायक, आपके द्वार' अभियान के तहत रविवार को बंथरा क्षेत्र के बेंती स्थित तारा खेड़ा गांव में 174वें सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक टीम ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत के मेधावी विद्यार्थियों वंदना वर्मा, अनुराधा, सलमा और ललित को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर विजन प्लस के सहयोग से एक विशेष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ लोगों की आंखों की जांच की गई। इसके बाद 50 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क पावर के चश्मे उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। वहीं विधायक टीम के लोगों ने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य भी विकास का महत्वपूर्ण आधार है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विधायक की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकताओं और काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

# यूपी में आम महोत्सव का समापन

- 180 विजेताओं को किया गया सम्मानित
- मलिहाबाद के मोहम्मद इकबाल अहमद बने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में 180 से अधिक विजेताओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। महोत्सव में आम की सात श्रेणियों और 56 वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं के 51 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के कुल 147 पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं आम आधारित संरक्षित उत्पादों की प्रतियोगिता में 19 विजेताओं को 33 पुरस्कार तथा आम पकवान प्रतियोगिता में तीन प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक का पुरस्कार मलिहाबाद स्थित अवध नर्सरी के मोहम्मद इकबाल अहमद को चौंसा प्रजाति के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने कुल 20 पुरस्कार अपने नाम किए। इसके अलावा मोहम्मद अब्दुल सलीम को 17 तथा सुरेश चंद्र शुक्ला को 14 पुरस्कार प्राप्त हुए। सर्वाधिक 190 आम प्रजातियों का प्रदर्शन करने पर सुरेश चंद्र शुक्ला को प्रथम, 92 प्रजातियों के प्रदर्शन पर उपेन्द्र सिंह को द्वितीय तथा 24 प्रजातियों के प्रदर्शन पर सूर्य मणि यादव को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस वर्ष महोत्सव में आम की लगभग 800 प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदेश की प्रसिद्ध दशहरी, लंगड़ा, चौंसा, लखनऊ सफेदा, रटौल और आम्रपाली जैसी पारंपरिक किस्मों के साथ अवध अभया, अवध समृद्धि, सुंदरजा, वनराज, टॉमी एटकिन्स, सेंसेशन, अरुणिका और अम्बिका जैसी नई एवं रंगीन प्रजातियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। महोत्सव में 1,390 प्रतिभागियों ने आम की विभिन्न प्रजातियों के 2,667 नमूने तथा 111 प्रतिभागियों ने आम आधारित संरक्षित उत्पादों के 365 नमूने प्रदर्शित किए। कुल 1,501 प्रतिभागियों की ओर से 3,032 नमूनों का प्रदर्शन किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग छह प्रतिशत अधिक रहा। समापन दिवस पर खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और रोजगार सृजन विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। इसमें किसानों, उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों और विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना तथा उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध अनुदान और सुविधाओं की जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि पीएमएफएमई योजना के तहत सूक्ष्म खाद्य उद्योग स्थापित करने पर 35 प्रतिशत तक (अधिकतम एक लाख रुपये) तथा राज्य नीति के अंतर्गत 35 प्रतिशत तक (अधिकतम पांच करोड़ रुपये) का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

## पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विश्व भूषण

**लखनऊ।** काशी विश्वनाथ मंदिर और विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सीईओ विश्व भूषण मिश्र को रविवार को उत्तर प्रदेश पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष और डा. सृष्टि धवन को महासचिव का दायित्व दिया गया है। विश्व भूषण अभी तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सृष्टि संयुक्त सचिव थीं।पुष्प राज सिंह और वैभव मिश्र के आईएएस बनने के बाद यह पद स्वतः रिक्त हो गया था। इसलिए पीसीएस एसोसिएशन की बैठक बुलाकर यह फैसला किया गया है। बैठक में विश्व भूषण मिश्र, संजय कुमार, संजय कुमार पांडेय, पंकज कुमार, डा. सृष्टि धवन, पूजा अग्निहोत्री, संजय यादव और चंदन कुमार पटेल शामिल हुए। इसमें सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया। पीसीएस एसोसिएशन की एजीएम सितंबर में होगी। इसमें कार्यकारणी का चुनाव नए सिरे से किया जाएगा। इसमें वर्ष 2014 बैच या बाद के अधिकारी ही कार्यकारिणी में दावेदारी के लिए पात्र माने जाएंगे। एसोसिएशन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी न होने से सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार की भ्रामक सूचनाएं प्रसारित हो रही थीं। संगठन ने कहा कि कार्यकारिणी के सर्वसम्मत निर्णयों की आधिकारिक जानकारी है और सभी सदस्य इसी को संगठन का अधिकृत पक्ष मानें।

## सीआईएसवी यूथ मीटिंग का ओपन डे समारोह आयोजित

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेजबानी में आयोजित किये जा रहे 15 दिवसीय सी.आई.एस.वी. यूथ मीटिंग का ह्यओपेन डे समारोहह्ण बड़े धूमधाम से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस अवसर पर ब्राजील, इण्डोनेशिया, इटली, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम एवं भारत के 12 से 13 वर्ष आयु के बाल प्रतिनिधियों ने गीत-संगीत, नृत्य व विभिन्न रोचक खेलों व शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का अनूठा समाँ बाँधकर एकता, शान्ति व सौहार्द से भरपूर एक खुशहाल विश्व समाज का अनूठा अहसास कराया। इससे पहले, ओपन डे समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ एवं सी.आई.एस.वी. यूथ मीटिंग की कैम्प डायरेक्टर सुश्री पल्लवी पाण्डेय ने विभिन्न देशों से पधारे बाल प्रतिनिधियों व गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि विभिन्न देशों के बाल प्रतिभागियों की यह यूथ मीटिंग वास्तव में मल्टी-लिंगुवल, मल्टी-कल्चरल एवं मल्टी-नेशनल आयोजन है, जहाँ विभिन्न देशों के बच्चे बेहद रचनात्मक वातावरण में न सिर्फ अपने विचारों को अभिव्यक्त कर रहे हैं अपितु भारत की सँस्कृति व सभ्यता से भी परिचित हो रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग छात्रों की साँस्कृतिक, अर्न्तसाँस्कृतिक एवं अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सी.एम.एस. के क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन विभाग की हेड एवं सी.एम.एस. इण्डिया के लखनऊ चैप्टर की सेक्रेटरी सुश्री रीना सोटी ने कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग विभिन्न देशों के छात्रो में एकता, सहिष्णुता, प्रेम, शान्ति व सौहार्द की भावना विकसित करने एवं उन्हें विश्व नागरिक के रूप में ढालने में महती भूमिका निभाती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने सारे विश्व को प्रेम, शान्ति एवं अहिंसा का संदेश दिया है और इस अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग के माध्यम से यही संदेश प्रसारित हो रहा है।

# खाट पर आम के साथ 2027 की चुनावी रणनीति पर चर्चा

## नितिन नवीन और योगी के साथ संगठन व सरकार के शीर्ष नेताओं ने लिया आम का स्वाद

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने दो दिवसीय लखनऊ दौरे के दौरान रविवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सरकारी आवास पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ अनौपचारिक माहौल में 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। बैठक की खास बात यह रही कि सभी नेता खाट (चारपाई) पर बैठकर पंचायत के अंदाज में बातचीत करते नजर आए। इस दौरान आम का स्वाद लेते हुए चुनावी तैयारियों और संगठन को मजबूत करने पर मंथन किया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास पर आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक का माहौल औपचारिक कम और संवादात्मक अधिक रहा, जिससे कार्यकर्ताओं और आम जनता तक एक अलग संदेश देने का प्रयास रहा।

बैठक के जरिए जनभागीदारी, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संवाद को मजबूत करने का संदेश देने का प्रयास किया गया। ग्रामीण परिवेश की पहचान मानी जाने वाली चारपाई पर आयोजित इस पंचायत ने पुराने दौर की राजनीतिक बैठकों और जनसंवाद की यादें भी ताजा कर दीं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ भी बैठक की। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्षों ने अपने कार्यकाल के संगठनात्मक अनुभव साझा किये और बताया कि बदलते राजनीतिक माहौल में संगठन को कैसे मजबूत किया जा सकता है। पार्टी नेतृत्व इन अनुभवों का उपयोग आगामी चुनावी रणनीति तैयार करने में करना चाहता है। माना जा रहा है कि इन बैठकों में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय, बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा नेतृत्व का यह दौरा उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती, सहयोगी दलों के साथ समन्वय और आगामी विधानसभा चुनाव की व्यापक रणनीति तैयार करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# गोमती नदी स्वच्छता अभियान ने पूरे किए 424 रविवार



अमन लेखनी समाचार

- स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने नौवें वर्ष में रखा कदम, विधायक ने किया सम्मानित

**101 स्वयंसेवक सम्मानित**

**लखनऊ।** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना, लखनऊ की ओर से संचालित गोमती नदी स्वच्छता अभियान ने रविवार को लगातार 424वें सप्ताह की सफाई पूरी करते हुए अपने नौवें वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर हनुमान सेतु के निकट गोमती नदी तट स्थित झूलेलाल पार्क में बोरा फाउंडेशन, लखनऊ की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अभियान से जुड़े 101 स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र और टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद रेखा रोशनी ने स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि 24 जून 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर गोमती नदी स्वच्छता अभियान की शुरूआत हुई थी। उन्होंने कहा कि तब से अब तक यदि कोई संगठन पूरी निष्ठा और निरंतरता के साथ प्रत्येक रविवार को गोमती नदी की सफाई कर रहा है, तो वह स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना है। उन्होंने स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री से मिलाकर सम्मानित कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना के संयोजक रणजीत सिंह, मनोज यादव, जोनल अधिकारी संजीव प्रधान, पर्यावरण अभियंता, रमन निगम तथा सतीश वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में 101 स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण और गोमती नदी की स्वच्छता के लिए उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित स्वयंसेवकों ने इस पहल को समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी बताते हुए अभियान को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक रणजीत सिंह ने सभी अतिथियों, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोमती नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने का यह जनआंदोलन भविष्य में भी पूरे समर्पण के साथ जारी रहेगा।

## नितिन नबीन ने प्रबुद्धजनों, कलाकारों व साहित्यकारों से की आत्मीय भेंट

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपने लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन रविवार को पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विद्या विंदु सिंह के आवास पर शहर के कलाकारों, साहित्यकारों, संस्कृति कर्मियों एवं बुद्धिजीवियों से आत्मीय भेंट एवं संवाद किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह तथा भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विद्या बिंदु सिंह, पद्मश्री सम्मानित लोकप्रिय लोक गायिका मालिनी अवस्थी, संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार आत्म प्रकाश मिश्र, साहित्यकार एवं संस्कृति कर्मी भारती सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, नृत्यांगना एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष प्रो. पूर्णिमा पांडेय, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. एएन सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें लखनऊ की प्रसिद्ध दही-जलेबी का स्वाद भी कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित सुशासन, विकास और विश्वास विषयक पत्रक भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, लोककलाएं, साहित्य, संगीत और परंपराएं हमारी राष्ट्रीय चेतना की आधारशिला हैं। सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ कलाकारों, साहित्यकारों और संस्कृति कर्मियों को सम्मान एवं अवसर देने की दिशा में निरंतर कार्य किया है।



## बूथ अध्यक्ष के आवास पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मनाया जन्मदिन

भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित संगठनात्मक संस्कृति का प्रेरक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं मंडल अध्यक्ष विमल चौधरी एक साथ पश्चिम विधानसभा के बूथ संख्या चार अध्यक्ष शिवाजी रावत के आवास पहुंचे और उनका जन्मदिन मनाया। यह अवसर केवल जन्मदिन की शुभकामनाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भाजपा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए संगठनात्मक संस्कार, कार्यकर्ता सम्मान और बूथ सशक्तीकरण का प्रभावशाली संदेश बन गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शिवाजी रावत को अंगवस्त्र पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी तथा मंडल अध्यक्ष विमल चौधरी ने भी बूथ अध्यक्ष शिवाजी रावत को जन्मदिन की बधाई दी और उनके संगठनात्मक कार्यों की सराहना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शिवाजी रावत के माता-पिता को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने शिवाजी रावत के पिता से कहा कि आपका बेटा भाजपा का बूथ अध्यक्ष है। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जहां बूथ स्तर की इकाई संगठन को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। बूथ अध्यक्ष पार्टी और जनता के बीच सबसे सशक्त कड़ी होता है। यह केवल जन्मदिन का अवसर नहीं था, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की अद्वितीय कार्यकर्ता संस्कृति का जीवंत उदाहरण था। बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे मजबूत नींव है और उसके घर पहुंचकर उसके साथ आत्मीयता के पल साझा करना भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित विचारधारा को साकार करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का बूथ अध्यक्ष के आवास पहुंचना पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के लिए भी एक प्रेरक संदेश बना।



# किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। घरेलू कलह के चलते किसान ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरावल मजरा पटकापुर निवासी रामखेलावन (42) ने रविवार शाम को घरेलू कलह के चलते घर के अंदर कमरे में पंखे के हुक से गमछे के सहारे लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। यह देख परिजन दंग रह गए। घटना के समय परिजन घर के बाहर थे। परिजनों ने इसकी सूचना रहीमाबाद पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाद के चलते पत्नी पिछले महीने से मायके गोपालपुर में रह रही थी। मृतक के परिवार में पत्नी सुमन, बेटा करन, बेटी लक्ष्मी है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध मे रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मृतक ने पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास किया था। और वह नशे का आदी था। जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# चार बिजली पोलों से एलटी लाइन तार चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जिन्दौर और शेरनगर गांव के निकट हरदोई-लखनऊ एनएच-731 हाईवे पर गैराज के पास अज्ञात चोरों ने बिजली की एलटी लाइन तार चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने रहीमाबाद थाने पर दी तहरीर मुकदमा दर्ज। रहीमाबाद बाकीनगर निवासी नौमान इरफान ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उनका गैराज हरदोई-लखनऊ हाईवे पर हाइवे ढाबा के पास स्थित है। हाल ही में वहां तीन फेस की 440 एबीसी विद्युत लाइन डाली गई थी। आरोप है की शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने चार बिजली पोलों पर लगी एलटी लाइन तार को काटकर चोरी कर फरार हो गए। रविवार सुबह जब गैराज पर बिजली नहीं पहुंची तो कर्मचारियों ने बताया कि देर रात से बिजली आपूर्ति बंद है। जांच करने पर चार पोलों की एलटी लाइन का तार गायब मिला। पीड़ित ने रहीमाबाद पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पीड़ित द्वारा मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

## संक्षेप

### मिलादुन्नबी से मखदूम शाह सफी के सालाना उर्स का आगाज

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला पीरजादगान स्थित हजरत मखदूम शाह सफी की दरगाह पर सालाना उर्स का आगाज रविवार को मिलादुन्नबी के साथ हुआ। सुबह पाक किताब की तिलावत के बाद सज्जादा नवाज मोहम्मद फारूकी व नायब सज्जादा अफजाल मोहम्मद फारूकी सफवी ने मुरीदों के साथ मजार पर चादरपोशी कर अमन-चैन की दुआ मांगी।दरगाह के समाखाने में आयोजित महफिल में जामिया सफविया के मुदर्रिसीन व छात्रों के साथ बाहर से आए शायरों ने नात पेश कर अपनी अकीदत का इजहार किया। मौलाना हशमतुल्लाह ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलकर, इबादत के साथ जरूरतमंदों की मदद करने और दिखावे से दूर अमली जिंदगी जीने से दिली सुकून मिलता है। महफिल-ए-समाअ में कव्वाल राजू व अली वारिस ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। इसके बाद सज्जादगानों की मौजूदगी में मजार के गुस्ल की रस्म भी अदा की गई।

### दो पक्षों में हुई मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना-बारासगवर अन्तर्गत दो पक्षो में हुई मारपीट के मामले में दोनो पक्षो द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने नौ लोगो पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के विभोरा चंदनपुर निवासी धीरेंद्र ने तहरीर में बताया कि मंगलवार देर शाम उसके पिता राकेश कुमार गाँव की दुकान में घरेलू सामान लेने गये थे । गाँव के तिराहे पर पडोसी संदीप पुत्र भगौती प्रसाद, सूरज व सुभाष पुत्रगण चंद्रिका प्रसाद, ललई पुत्र प्रभू, शिवम पुत्र रामदीन ये लोग मोटर साईकिल की लाईट से पिता की आंखों में डिपर मार रहे थे। इस बात की शिकायत जब की गई तब उन सभी ने धार दार हथियार लाठी डन्डों से हमला कर दिया । वही दूसरे पक्ष रामदीन ने आरोप लगाया कि खेत से घर वापस आते समय राकेश पुत्र शिवलाल हमको गाली देने लगे जब हम अपने दरवाजे पर पहुँचे तभी धीरेंद्र पुत्र राकेश , गुडडी पत्नी राकेश व नेहा पुत्री राकेश आये और गाली गलौज करने लगे जब हमने विरोध किया तब हमको सभी लोगो ने लात व घूसों से काफी मारा व जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया दोनो पक्षो में मारपीट हुई है। दोनो पक्षो के नौ लोगो पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### मानसिक रोगी वृद्ध का बाग में पड़ा मिला शव

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव भगवंतखेड़ा धानीखेड़ा निवासी मानसिक रोगी अलोपी पुत्र रामनारायण उम्र 70 वर्ष का शव थाना क्षेत्र के रायपुर स्थित अस्पताल के पास पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम कराया है। भगवन्तखेड़ा धानीखेड़ा निवासी अलोपी पिछले पांच वर्षों से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे।मृतक के छोटे बेटे राज किशोर ने बताया कि 30 जून को वह घर से निकले थे ।पिता की खोजबीन की जा रही थी कहीं पता नहीं चला। रविवार सुबह जानकारी मिली कि पिता आलोपी का शव रायपुर में अस्पताल के निकट बाग में पड़ा हुआ है ।पिता का कानपुर में पिछले पांच वर्षों से इलाज चल रहा था।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि बेटे राज किशोर की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक पिछले 5 वर्षों से मानसिक रूप से बीमार था।मृतक के दो पुत्र राजीव तथा राज किशोर व एक बहन सुनीता है।

## बहु बेटी सम्मेलन एवं चौपाल का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। कोतवाली सदर पुलिस ने रविवार सुबह 'बहू-बेटी सम्मेलन एवं चौपाल' का आयोजन किया। इसका उद्देश्य परिवारों में बढ़ती दूरियों को कम करना और महिला सम्मान की भावना को मजबूत बनाना था। यह कार्यक्रम थाना कोतवाली सदर के कांसीराम चौकी क्षेत्र स्थित उम्मीदों के शहर प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह ने की। इस अवसर पर प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ. आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मनीष सिंह सेंगर, प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा, चौकी प्रभारी सभाजीत सिंह चौहान, ग्राम प्रधान संजय, ग्राम रोजगार सेवक प्रेम शंकर और पूर्व सभासद राहुल कश्यप सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सास, बहू, ननद, भाभी, माताएं, बेटियां, छात्राएं और ग्रामीण शामिल हुए।चौपाल को संबोधित करते हुए सीओ सिटी विनी सिंह ने कहा कि परिवार की खुशहाली आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित होती है। उन्होंने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 और 108 की जानकारी दी और आवश्यकता पड़ने पर इनका तत्काल उपयोग करने की अपील की। विनी सिंह ने बहुओं से सास का सम्मान मां के समान करने का आग्रह किया। उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मधुर संबंध बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।प्रभारी परिवार परामर्श समिति के डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक परिवार में बहू को बेटी जैसा सम्मान और स्नेह मिलना चाहिए। उन्होंने बहू और बेटी के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने तथा समान व्यवहार अपनाने की बात कही, जिससे परिवार में समरसता और खुशहाली बनी रहे। वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने अपने अनुभव साझा करते हुए महिलाओं को परिवार में प्रेम, धैर्य और निरंतर संवाद बनाए रखने की प्रेरणा दी। सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण पल तब आया जब सास-बहू, मां-बेटी और ननद-भाभी ने एक-दूसरे को माला पहनाई, मिठाई खिलाई और गले लगाकर रिश्तों में प्रेम और अपनत्व का संदेश दिया।इस पहल की उपस्थित महिलाओं ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में पहली बार पुलिस विभाग की ओर से ऐसा सकारात्मक और सामाजिक संदेश देने वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान संजय, प्रेम प्रकाश और कोटेदार नरेंद्र कुमार ने सीओ सिटी विनी सिंह को रानी लक्ष्मीबाई का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव एवं डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने किया, जबकि चौकी प्रभारी सभाजीत सिंह चौहान ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन कराया।

## पुलिस लाइन परिसर में वामा वेलनेस कैंप का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। पुलिस लाइन परिसर में रविवार दोपहर 'वामा वेलनेस कैंप' का आयोजन किया गया। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित कीं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना, साथ ही मानसून के दौरान होने वाली बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर का आयोजन वामा सारथी जनपद अध्यक्षा नीतू सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हुआ। वेलनेस कैंप में होम्योपैथी, एलोपैथी और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे मौसमी संक्रमणों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए। चिकित्सकों ने संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम और समय पर चिकित्सीय सलाह लेने पर भी जोर दिया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पुलिसकर्मियों का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है, इसलिए उनका और उनके परिवार का स्वस्थ रहना प्रभावी पुलिस व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने वामा सारथी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों की सराहना की और ऐसे स्वास्थ्य शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वामा सारथी जनपद अध्यक्षा नीतू सिंह ने बताया कि संगठन पुलिस परिवारों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने भविष्य में भी स्वास्थ्य जागरूकता, परामर्श और चिकित्सा सेवाओं से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया, जिससे पुलिस परिवारों को अधिकतम लाभ मिल सके। शिविर में क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय, उपनिरीक्षक नेक मोहम्मद, पुलिस वेलफेयर शाखा के उपनिरीक्षक विमलेश शुक्ला और आरक्षी अजय कुमार सहित वामा सारथी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## पति-पत्नी के 22 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन में सभी महिला थाना सहित जनपद की समस्त थानों की महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त थाना पुरवा, महिला थाना व थाना बांगरमऊ से 05-05, थाना सोहरामऊ से 04, थाना बिहार, थाना कोतवाली सदर व थाना दही से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति, डा0 सागीर अहमद, डा0 अबसार अली तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह व महिला आरक्षीगण नीतू, शिखा यादव, संध्या कुमारी, नीतू सिंह, पूनम शाक्य, पूनम राजपूत, सेविका, बबली व पूजा का विशेष योगदान रहा।



## मंदिर में दर्शन करने गए युवक को सांप ने काटा झोले में सांप को भरकर युवक पहुंचा अस्पताल

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर में रविवार सुबह दर्शन के दौरान एक युवक को सांप ने डस लिया। घटना के बाद घायल युवक सांप को एक झोले में लेकर जिला अस्पताल पहुंचा, जिससे अस्पताल में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। युवक का इलाज जारी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मगरवारा क्षेत्र निवासी एसपी सिंह रविवार सुबह करीब 10:30 बजे गोकुल बाबा मंदिर में दर्शन करने गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंदिर परिसर में कुछ बच्चे सांप लेकर बैठे थे। इसी दौरान एसपी सिंह ने उत्सुकतावश सांप को छूने का प्रयास किया, तभी सांप ने उन्हें डस लिया।सांप के काटने के बाद परिजन और स्थानीय लोग एसपी सिंह को तुरंत जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर यह खास बात रही कि युवक सांप को एक झोले में बंद कर अपने साथ लाया था। इसका उद्देश्य डॉक्टरों को सांप की पहचान कराने में मदद करना था, ताकि सही उपचार मिल सके। अस्पताल में झोले में सांप होने की सूचना से मरीजों और तीमारदारों में थोड़ी देर के लिए चिंता फैल गई। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने तत्काल युवक का उपचार शुरू किया और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आवश्यक जांचें कीं और दवाएं दीं। फिलहाल, युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी प्रभारी अंजनी सिंह जिला अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस इस संबंध में आवश्यक जानकारी एकत्र कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि मंदिर परिसर में बच्चे सांप लेकर क्यों बैठे थे और क्या उनके पास इसके लिए कोई वैध अनुमति थी। पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## सुंदर कांड एवं विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ककरारी स्थित प्राचीन मूर्तिहाई मंदिर परिसर में रविवार को भक्तिमय माहौल में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सुंदरकांड का पाठ हुआ, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति के रंग में सराबोर रहा। इसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में उपस्थित भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम आयोजक अनुराग सिंह ने आये हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंकित सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई, श्री मुन्ना सिंह चौहान, बैजनाथ सिंह और अरुणेंद्र प्रताप सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम आयोजक अनुराग सिंह ने आये हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया।

## लखनापुर-नवाबगंज लिंक मार्ग गड्ढों में तब्दील, हादसों का बढ़ा खतरा

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। लखनापुर से नवाबगंज को जोड़ने वाला प्रमुख लिंक मार्ग इन दिनों पूरी तरह जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क पर जगह-जगह बने सैकड़ों गहरे गड्ढे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले बाइक सवार गड्ढों में फंसकर गिर रहे हैं, जिससे कई लोग चोटिल हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। कई स्थानों पर सड़क पर गहरे जानलेवा गड्ढे हो जाने से भारी वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।क्षतिग्रस्त हिस्सों में वाहन फंस जाने से चालकों को घंटों तक परेशान होना पड़ता है।स्थानीय लोगों ने बताया यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने के साथ ही लखनऊ कानपुर राजमार्ग और अजगैन मोहान मार्ग को से जुड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है,जिस पर प्रतिदिन किसान,छात्र,कर्मचारी और अन्य लोग आवागमन करते हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों की यात्रा जोखिम भरी हो गई है। बरसात के मौसम में हालात और गंभीर होने की आशंका है।गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाएगा, जिससे बड़े हादसे होने का खतरा बना रहेगा।ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के कारण आम जनता को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## घर से दवा लेने निकले युवक का झाड़ियों में पड़ा मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव घीनाखेड़ा के पास झाड़ियों में युवक का शव मिलने से क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया । सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । मौरावां थाना क्षेत्र के मधऊखेड़ा मोहद्दीनपुर निवासी लल्लू प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र विमल कुमार ऊर्फ छोटू दो जुलाई गुरुवार को अपने घर से दवा लेने के लिए थाना क्षेत्र के गांव मोहकमगंज जाने के लिए निकला था । जो घर वापस नही पहुंचा था । रविवार को घीनाखेड़ा के पास झाड़ियों के पास से दुर्गंध आने पर पर लोगों ने पास जाकर देखा तो झाड़ियों मे एक बाइक व युवक का शव दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर मोटरसाइकिल नम्बर के आधार पर पहचान किया । शव की पहचान मौरावां थाना क्षेत्र के मधवाखेड़ा मोहद्दीनपुर निवासी विमल कुमार उर्फ छोटू 18 पुत्र लल्लू प्रसाद के रुप मे हुई ।बड़े भाई विकास ने बताया वह काफी खोजबीन कर रहे थे । जिसकी गुमशुदगी पुलिस मे दर्ज करवाई थी । मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था । घटना की सुचना पर मां शिवदेवी रो रो कर बेहाल है । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ।

## उमस व गर्मी के बीच विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशान

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। नवाबगंज शनिवार रात नवाबगंज कस्बे की बिजली व्यवस्था फिर लड़खड़ा गई। लगातार तकनीकी खराबियों के कारण नगरवासियों को भीषण गर्मी और उमस के बीच पूरी रात बिजली संकट झेलना पड़ा।शाम करीब आठ बजे ब्लॉक कार्यालय के सामने और जालिमखेड़ा रोड क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अचानक बाधित हो गई। फॉल्ट की तलाश और मरम्मत के लिए विभाग ने पूरे नगर की आपूर्ति बंद कर दी। जांच के दौरान मत्स्य विभाग के पास स्थित ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी मिली। कर्मचारियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद रात लगभग 11 बजे आपूर्ति बहाल की।हालांकि लोगों को राहत महज एक मिनट ही मिल सकी। बिजली चालू होते ही फिर आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत विभाग ने अपने व्हाट्सएप ग्रुप पर सूचना जारी कर बताया कि दूसरे स्थान पर बिजली का तार टूटकर सड़क पर गिर गया है। सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल आपूर्ति बंद कर मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। उसके बाद एक फेस बंद हो गया। सुबह आठ बजे बिजली आई। उसके बाद करीब बारह बजे दिन में बिजली चली गई। शामतक नही आई। लगातार हो रहे फॉल्ट और लंबे शटडाउन से उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति नाराजगी है। लोगों का कहना है कि हर गर्मी में बार-बार होने वाली तकनीकी खराबियों से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विभाग से बिजली व्यवस्था को स्थायी रूप से दुरुस्त करने की मांग की।

## बेटे ने बाप को उतारा मौत के घाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




औरास, उन्नाव। पारिवारिक विवाद में बिगड़ैल बेटा ने अपने पिता की गर्दन व सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़ तोड़ हमला कर मौके पर ही मौत के घाट उतारने के मामले में मृतक की पत्नी देश कुमारी की तहरीर पर पुलिस ने बेटा व बहू पर हत्या का मुकदमा दर्जकर पुलिस ने आरोपी बेटा को कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। उधर रविवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव घर पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार अपने बाग में घटना स्थल के पास ही कर दिया। औरास थाना क्षेत्र के चमारनखेड़ा मजरा उटरा डकौली गांव निवासी भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष रेवती प्रसाद उर्फ प्रमोद कुमार पुत्र स्वर्गीय श्रीपाल मिलन सार व्यक्ति थे । शनिवार शाम जब वह अपने बाग में बने शनि देव मंदिर में पूजा पाठ करने गया था। जहाँ पहले से ही घात लगाए बैठा उसका बड़ा बेटा सोने लाल ने अचानक अपने पिता रेवती प्रसाद उर्फ प्रमोद कुमार की गर्दन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद वह आपा खो कर घर पहुँचा जहाँ वह अपनी माँ को भी मारना चाहता था। गनीमत रही कि उस समय उसकी माँ घटना की सूचना पर घर से निकल कर घटना स्थल पर पहुँच गई थी। पिता का हत्यारा बेटा कुल्हाड़ी लेकर थाने जा रहा था कि रास्ते मे पुलिस ने उसे दबोच कर थाने लाई जहाँ उसे हवालात में बंद कर दिया था। मृतक की पत्नी देश कुमारी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे पति की हत्या में बेटा सोनेलाल की पत्नी कृष्णा की भी सहमति रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतक के बेटा सोनेलाल व उसकी पत्नी कृष्णा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी सोनेलाल को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल के बाद न्यायालय में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। रविवार को मृतक भाजपा नेता का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया । परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार अपने ही बाग में कर दिया। मृतक की पत्नी देश कुमारी व छोटा बेटा विकास का आरोप है कि आरोपी सोनेलाल ने अपनी ससुराल वालो के उकसाने पर इस घटना को अंजाम दिया है।आरोपी सोने लाल का अपनी पत्नी से पांच वर्ष पूर्व कोर्ट से तलाक हो चुका है। तब से उसकी पत्नी अपने मायके में अपने माता पिता व अपनी एक बेटी अंजली के साथ रह रही है। जब कि उसका एक 18 वर्षीय बेटा सूर्या अपने चाचा के साथ चंड़ीगढ़ में रह रहा है।

**आरोपी सोने लाल चंड़ीगढ़ से 10 दिन पहले घर आया था। जहाँ वह अपने बाग में बने एक कमरे में रहता था।**

## खेत पर जबरन करवा रहे निर्माण को रोका तो किया जानलेवा हमला



**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। मंझखोरिया निवासी सत्यम पुत्र स्व विजयशंकर मिश्र के नें कोतावाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया मंगतखेड़ा-कांथा मोड़ पर उसका खेत स्थित है।जिसमें गांव का ही विपक्षी पत्नी व बेटों संग उसके खेत में जबरन निर्माण कर रहे थे।जिसका विरोध करने एक राय होकर जाबेजा गालियों संग उसे गिराकर उसके बेटे ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया।जिससे उसका सिर गंभीर रूप से फट गया। और हाथ में कट्टा लिये दूसरे बेटे ने उसे जान से मारने की धमकी देंने लगा।अधिक खून बहने से वह वहीं गिर गया।फिर किसी तरह से जान बचाकर भागा।उसके भागते समय विपक्षी ने उस पर कट्टे से फायर कर दिया।उसके झुकने से फायर मिस हो जाने से उसकी जान का खतरा है।पीड़ित ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक भूवन सिंह नें बताया शिकायत मिली है जांच की जा रही है

## शादी समारोह में हुई मारपीट का पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज चौराहे पर शनिवार की शाम कुछ दिन पहले शादी समारोह में हुई कहा-सुनी की खुन्नस के चलते साथियों के साथ मिलकर मारपीट की पीडित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामित तीन अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के कनिका मऊ गांव निवासी संतोष ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि बड़ा बेटा दिनेश छोटे बेटे गणेश को शनिवार मियागंज चौराहे से संचालित प्राइवेट बस से चंडीगढ़ जाने के लिए बस में बिठाने के लिए आया था जहां गांव निवासी शनि पुत्र रामेश्वर जिसके साथ कुछ दिन पहले एक शादी समारोह में बिवाद हो गया था उसी खुन्नस के चलते अपने तीन साथियों के साथ मियागंज चौराहे पर घेर लिया और गाली गलौज करने लगा और दोनों भाइयों के साथ मारपीट की जिससे दोनों गभींर रुप से घायल हो गए पीडित रविवार पिता के साथ थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर एक नामित और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## आम तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिरा किशोर हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव में रविवार सुबह आम तोड़ते समय एक किशोर पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अहमदपुर निवासी राजू का 15 वर्षीय पुत्र ऋषि रविवार सुबह गांव में संतू पुत्र गया प्रसाद के आम के बाग में आम तोड़ने गया था। आम तोड़ते समय उसका पैर फिसल गया, जिससे संतुलन बिगड़ने के कारण वह पेड़ से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाग मालिक संतू ने तत्काल घायल ऋषि को मियागंज सीएचसी पहुंचाया और उसके परिजनों को सूचना दी। मियागंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टर अभिषेक चक्रवर्ती ने ऋषि की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन दोपहर करीब एक बजे सीएचसी पहुंचे। उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचित किया। एंबुलेंस चालक सुनील कुमार और ईएमटी राहुल कुमार मौके पर पहुंचे और घायल ऋषि को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए।

## सम्पादकीय

# बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहे भारत-जापान संबंध

इंडो-पैसिफिक में अमेरिका की घटती रुचि और एक तरह से चीन को क्षेत्र की महाशक्ति के रूप में स्वीकार करने के बाद भारत और जापान के लिए जरूरी हो गया है कि वे इस क्षेत्र में अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची की संयुक्त आर्थिक मंच में मौजूदगी इस बात का प्रतीक है कि दोनों देश केवल वर्तमान की चुनौतियों का समाधान नहीं खोज रहे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और तकनीक-संचालित एशिया की नींव रखने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही भारत-जापान संबंधों का अगला चरण केवल सरकारी समझौतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दोनों देशों को निजी क्षेत्र, स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के बीच भी गहरे सहयोग को बढ़ावा देना होगा। जापान रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग और हरित प्रौद्योगिकी में विश्व अग्रणी है, जबकि भारत डिजिटल नवाचार, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप इकोसिस्टम में तेजी से उभरती शक्ति है। यदि इन दोनों की क्षमताओं का समन्वय होता है तो यह केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं को ही नहीं, बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को नई दिशा दे सकता है। विशेष रूप से सेमीकंडक्टर निर्माण, दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ) की आपूर्ति, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी, हरित हाइड्रोजन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में संयुक्त निवेश भविष्य की औद्योगिक प्रतिस्पर्धा तय करेगा। भारत को अपनी उत्पादन क्षमता और कुशल मानव संसाधन के कारण नेक्स्ट मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में देखा जा रहा है, जबकि जापान की तकनीकी विश्वसनीयता इस परिवर्तन को गति दे सकती है। ऐसे में दोनों देशों की साझेदारी वैश्विक कंपनियों के लिए चीन के विकल्प के रूप में एक मजबूत और विश्वसनीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर सकती है। साथ ही, दोनों देशों को लोगों के बीच संपर्क को भी प्राथमिकता देनी होगी। भारतीय छात्रों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए जापान में अवसर बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर जापानी कंपनियों को भारत के युवा और कुशल कार्यबल से लाभ मिल सकता है। आज दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां मित्रता का मूल्य केवल कूटनीतिक बयानों से नहीं, बल्कि साझा निवेश, साझा तकनीक और साझा भविष्य से तय होगा। भारत और जापान इसी दिशा में आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। यदि यह सहयोग योजनाओं से निकलकर समयबद्ध क्रियान्वयन तक पहुंचता है, तो आने वाले दशक में भारत-जापान संबंध केवल द्विपक्षीय सफलता की कहानी नहीं होंगे, बल्कि वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था के सबसे प्रभावशाली स्तंभों में शामिल होंगे। यह साझेदारी वास्तव में विश्वास से विकास और साझेदारी से समृद्धि का ऐसा मॉडल बन सकती है, जिसकी आवश्यकता आज पूरे विश्व को है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अस्थिर रवैये ने दुनियाभर में उसकी स्थिति को कमजोर किया है। ईरान युद्ध के बाद खाड़ी देश अपनी सुरक्षा नीति पर पुनर्विचार कर रहे हैं। पूरी दुनिया के रिश्ते एक नए मोड़ पर खड़े हैं। इससे नई साझेदारियां बनेंगी और पुरानी साझेदारियां नया रूप लेंगी। ऐसे में भारत-जापान संबंध भी ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ रहे हैं और आने वाले समय में यह दुनिया में नए बदलाव का जरिया भी बन सकते हैं। कुल मिलाकर अब दुनिया बहुध्रुवीय हो चुकी है और सबको एक-दूसरे की जरूरत है। मिलकर चलना ही सबके हित में है।

# पाक से रिश्तों की बहाली की नई कवायद



पड़ोस

कांतिलाल मांडोत

> भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। दोनों देशों की 117 प्रमुख हस्तियों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेजे गए खुले पत्र ने इस बहस को नया आयाम दिया है। पत्र में संवाद बहाल करने, व्यापार शुरू करने, वीजा व्यवस्था आसान बनाने, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर चलाने, क्रिकेट शृंखला शुरू करने तथा दोनों देशों के बीच जमे अविश्वास को समाप्त करने की अपील की गई है। जब भारत-पाक संबंधों के इतिहास, पाकिस्तान के व्यवहार और वर्तमान वैश्विक राजनीति को ध्यान में रखकर इस प्रस्ताव का विश्लेषण किया जाता है, तब कई गंभीर प्रश्न सामने खड़े हो जाते हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। दोनों देशों की 117 प्रमुख हस्तियों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेजे गए खुले पत्र ने इस बहस को नया आयाम दिया है। पत्र में संवाद बहाल करने, व्यापार शुरू करने, वीजा व्यवस्था आसान बनाने, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर से चलाने, क्रिकेट शृंखला शुरू करने तथा दोनों देशों के बीच जमे अविश्वास को समाप्त करने की अपील की गई है। पहली नजर में यह पहल शांति और सद्भाव की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास प्रतीत होती है, लेकिन जब भारत-पाकिस्तान संबंधों के इतिहास, पाकिस्तान के व्यवहार और वर्तमान वैश्विक राजनीति को ध्यान में रखकर इस प्रस्ताव का विश्लेषण किया जाता है, तब कई गंभीर प्रश्न सामने खड़े हो जाते हैं।

भारत ने हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों की नीति अपनाई है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने अनेक अवसरों पर पाकिस्तान के साथ मित्रता का हाथ बढ़ाया। चाहे 1972 का शिमला समझौता हो, 1999 की लाहौर बस यात्रा हो या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2015 में अचानक लाहौर जाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मिलना, भारत ने हर बार यह संदेश दिया कि विवादों का समाधान युद्ध नहीं बल्कि संवाद से होना चाहिए। दुर्भाग्य यह रहा कि हर बार पाकिस्तान की धरती से आतंकवाद ने इन प्रयासों को कमजोर किया। पाक का इतिहास यह बताता है कि उसने मित्रता के हर प्रयास के समानांतर आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का साधन बनाए रखा। 1947, 1965, 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध से लेकर संसद पर हमला, मुंबई का 26/11 हमला, पठानकोट, उरी और पुलवामा जैसे आतंकी हमलों तक पाकिस्तान की भूमिका लगातार सवालों के घेरे में रही है। भारत ने कई बार ठोस सबूत भी प्रस्तुत किए, लेकिन पाकिस्तान ने या तो उन्हें नकार दिया या फिर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने से बचता रहा। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि भारत किसी भी नए संवाद प्रस्ताव को केवल भावनात्मक आधार पर स्वीकार नहीं कर सकता। वर्तमान परिस्थितियों में पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और ऊर्जा संकट ने वहां की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। हाल के वर्षों में जल संकट भी पाकिस्तान के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। ऐसी परिस्थितियों में पाकिस्तान के लिए भारत के साथ व्यापार और संबंधों की बहाली आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो सकती है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि आर्थिक मजबूरी का अर्थ यह नहीं कि पाकिस्तान की नीतियों में स्थायी परिवर्तन आ गया है। यदि आतंकवाद को समर्थन देने की उसकी सोच में बदलाव नहीं आता तो केवल व्यापार या परिवहन सेवाएं शुरू कर देने से स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई भी महाशक्ति केवल मानवीय आधार पर हस्तक्षेप नहीं करती। हर देश अपने रणनीतिक हितों को प्राथमिकता देता है। अमेरिका लंबे समय से यह चाहता



रहा है कि पाकिस्तान पूरी तरह चीन के प्रभाव क्षेत्र में न चला जाए। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा और दोनों देशों की बढ़ती सामरिक साझेदारी अमेरिका के लिए चिंता का विषय रही है। ऐसे में यदि अमेरिका भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद को बढ़ावा देता है तो उसके पीछे क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बनाए रखने और पाकिस्तान को अपने प्रभाव क्षेत्र में बनाए रखने की रणनीति भी हो सकती है। ट्रम्प यदि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों की बहाली का श्रेय लेना चाहते हैं तो यह उनकी राजनीतिक और रणनीतिक सोच का हिस्सा हो सकता है। लेकिन भारत को किसी भी बाहरी दबाव या अंतरराष्ट्रीय छवि के कारण अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करना चाहिए। भारत की विदेश नीति का मूल सिद्धांत यही रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि पाकिस्तान आतंकवाद के ढांचे को समाप्त करने, सीमा पार घुसपैठ रोकने और भारत विरोधी गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम नहीं उठाता, तो केवल वार्ता के नाम पर आगे बढ़ना उचित नहीं होगा। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न विश्वास का है। विश्वास केवल शब्दों से नहीं बल्कि व्यवहार से बनता है। पाकिस्तान ने अतीत में अनेक बार आश्वासन दिए, लेकिन उसके बाद भी आतंकी घटनाएं होती रहीं। जब तक वह अपने आचरण से यह साबित नहीं करता कि उसने आतंकवाद को स्थायी रूप से त्याग दिया है, तब तक किसी भी व्यापक संबंध बहाली का आधार कमजोर ही रहेगा। कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि दोनों देशों के बीच व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ने से कट्टरता कम होगी और शांति को मजबूती मिलेगी। यह विचार सिद्धांत रूप में आकर्षक लगता है, लेकिन व्यवहार में इसकी सफलता तभी संभव है, जब दोनों पक्ष समान ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें। यदि एक देश शांति की बात करे और दूसरा आतंकवाद को संरक्षण देता रहे तो ऐसे प्रयास अंततः विफल हो जाते हैं। इसलिए भारत को किसी भी नई पहल से पहले स्पष्ट शर्त रखनी चाहिए कि आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। भारत ने हमेशा मानवीय मुद्दों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। चाहे कैदियों की रिहाई का विषय हो, धार्मिक यात्राओं की सुविधा हो या प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता का प्रश्न, भारत ने उदारता दिखाई है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किसी प्रकार की ढिलाई उचित नहीं हो सकती। भारत आज विश्व की तेजी से उभरती हुई आर्थिक और सामरिक शक्ति है।

ऐसे समय में उसे भावनात्मक निर्णयों के बजाय दूरदर्शी और यथार्थवादी नीति अपनानी होगी। यदि पाकिस्तान वास्तव में संबंध सुधारना चाहता है तो उसे केवल संवाद की अपील करने के बजाय आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करके अपनी नीयत साबित करनी होगी। यही वह कसौटी है जिस पर भविष्य के किसी भी संबंध की सफलता निर्भर करेगी। अंततः भारत शांति का समर्थक है, लेकिन शांति की कीमत राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं हो सकती। मित्रता वहीं टिकाऊ होती है जहां विश्वास, पारदर्शिता और ईमानदारी हो। पाकिस्तान का अब तक का इतिहास इन तीनों मानकों पर संतोषजनक नहीं रहा है। इसलिए भारत को हर प्रस्ताव का स्वागत खुले मन से अवश्य करना चाहिए, लेकिन निर्णय केवल अपने राष्ट्रीय हितों, सुरक्षा और दीर्घकालिक रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही लेना चाहिए। यदि पाकिस्तान अपने व्यवहार में वास्तविक परिवर्तन लाता है तो दक्षिण एशिया में स्थायी शांति का मार्ग अवश्य प्रशस्त हो सकता है। यदि अतीत की गलतियां दोहराई जाती हैं तो इतिहास एक बार फिर यह सिद्ध करेगा कि केवल संवाद की इच्छा पर्याप्त नहीं होती, उसके लिए भरोसेमंद आचरण भी उतना ही आवश्यक होता है।

## मुद्दा

ओ.पी. पाल



# क्या कागजों पर सिमट रही हैं ग्राम सभाएं

भारत की आत्मा गांवों में बसती है और उन गांवों की लोकतांत्रिक आत्मा 'ग्राम सभा' में निहित है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण की जो नींव रखी थी, उसकी सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष इकाई ग्राम सभा ही है। ग्राम सभा केवल स्थानीय शासन की एक संस्था नहीं है, बल्कि यह देश के हर ग्रामीण नागरिक को सीधे नीति-निर्माण, बजट निर्धारण और विकास कार्यों की निगरानी का अधिकार देने वाला एक सशक्त मंच है। परंतु समय के साथ इस बुनियादी लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली में कई विसंगतियां और चुनौतियां सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और चिंताजनक चुनौती यही है कि आज के इस तकनीकी युग के बावजूद ग्राम सभा की बैठकों में आम नागरिकों की भागीदारी घट रही है। मसलन, केंद्र सरकार और नीति आयोग की जारी ताजा रिपोर्ट ने जमीनी लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने की चुनौती खड़ी कर दी है। हालांकि यह अध्ययन भारत की ग्रामीण विकास नीतियों को 'संख्या-केंद्रित' से 'परिणाम-केंद्रित' बनाने का एक बेहद सटीक मार्गदर्शक दस्तावेज साबित हो सकता है। दरअसल, देश में जमीनी लोकतंत्र की इसी गंभीर समस्या का बारीकी से अध्ययन करने और इसका समाधान खोजने के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में एक व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद द्वारा तैयार की गई यह द्वि-खंडीय रिपोर्ट देश में नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और साक्ष्य-आधारित दस्तावेज है। जैसा कि रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक-केंद्रित शासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभाएं अनिवार्य हैं। जब तक देश के गांवों का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा की बैठक शामिल होकर अपने गांव के भविष्य का फैसला करने में सक्षम और उत्सुक नहीं होगा, तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सपना अधूरा रहेगा। इस अध्ययन रिपोर्ट को 30 जून 2026 को नई दिल्ली में नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज द्वारा इस जारी किया, जिसमें जमीनी लोकतंत्र की कमजोर होती नींव और उसकी चुनौतियों को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। भागीदारी में सबसे बड़ी बाधाएं ग्राम सभाओं में लोगों का न आना केवल उदासीनता नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक-आर्थिक और व्यावहारिक कारण हैं। इसमें आजीविका और समय के संकट के कारण 55.5 प्रतिशत भागीदारी न होने का सबसे बड़ा कारण है, इसमें ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी या कृषि पर निर्भर है। जबकि व्यस्त कार्य दिनचर्या (41.74 प्रतिशत) और कृषि कार्यों की व्यस्तता (30.26 प्रतिशत) के कारण लोग अपनी दिहाड़ी छोड़कर बैठकों में नहीं आ पाते। इसके अलावा कम प्रतिनिधित्व वाले समूह को लेकर खुलासा हुआ है कि प्रवासी परिवार (17.61 प्रतिशत), युवा (16.73 प्रतिशत), बुजुर्ग (15.80 प्रतिशत) और महिलाएं (13.40 प्रतिशत) ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम शामिल हो पाते हैं। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज का कथन है कि ग्रामीण भारत में आए बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में गांवों तक बुनियादी सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित हुई है। अब बारी जमीनी लोकतंत्र को और गहरा करने की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह अध्ययन महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम उठाने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्रालय जल्द ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर इस रिपोर्ट की सिफारिशों को जमीन पर लागू करेगा, ताकि देश की ग्राम सभाएं अधिक समावेशी और परिणामोन्मुख बन सकें। इस अध्ययन रिपोर्ट से एक बड़ा संदेश यह भी मिलता है कि ग्राम सभाओं को सफल बनाने का पैमाना केवल 'बैठक में जुटी भीड़' या 'हाजिरी रजिस्टर' नहीं होना चाहिए। वास्तविक सफलता इस बात में है कि चर्चाएं कितनी प्रासंगिक हैं, निर्णय कितने पारदर्शी हैं और शिकायतों का निवारण कितनी तेजी से होता है।

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है



संकलित

दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गई शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दुसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा है और मैं मेरा।

## सटाका




## आज की पाती

### खतरनाक गर्मी का बढ़ता संकट

दुनिया के शहरों पर एक ऐसा संकट तेजी से गहराता जा रहा है, जो दिखाई कम देता है, लेकिन असर सबसे ज्यादा करता है-खतरनाक गर्मी। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी इलाकों मे अत्यधिक गर्मी से प्रभावित गरीबों की संख्या मे लगभग 700 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। यह आंकड़ा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि आने वाले शहरी भविष्य की भयावह तस्वीर है, खासकर ग्लोबल साउथ, यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के तेजी से बढ़ते शहरो के लिए। गर्मी का यह संकट सीधे तौर पर क्लाइमेट चेंज और अनियोजित शहरीकरण से जुड़ा है। शहरो मे कंक्रीट, डामर और धातु की अधिकता प्राकृतिक हरियाली को खत्म कर देती है। इस समस्या का समाधान खोजना होगा। *- सुषमा राजपूत, रोहतक*

## करंट अफेयर

### ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय किराया वहनीयता योजना समाप्त

ऑस्टेलिया का वित्तीय वर्ष एक जुलाई को समाप्त हो गया और इसी के साथ 'राष्ट्रीय किराया वहनीयता योजना' भी समाप्त हो गई, जिसके तहत देश भर में 35,000 से ज्यादा किफायती किराए के घर उपलब्ध कराए गए थे। यह योजना 2008 में रड सरकार ने घरों के महंगे होते जाने की समस्या के मद्देनजर शुरू की थी। लेकिन बाद में 2014 में एबॉट सरकार ने इसे बंद कर दिया और 2016 के बाद किसी भी नए घर को इसके तहत मंज़ूरी नहीं दी गई। इस जून में, आखिरी 3,600 संपत्तियां भी इस योजना के दायरे से बाहर हो गई है। आखिरकार, इस योजना ने अपने कुछ मुख्य वादे पूरे किए।



## ऑफ बीट

### काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है



हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग- यानी लगभग आधे कर्मचारी- कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां- जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना- अपने आप हो जाती है, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती है।

## ट्रेंड

### इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव



केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 7,145 करोड़ रुपये की लागत वाले कानपुर-कबराई एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह फैसला भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव की दिशा में एक और अहम कदम है।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### नई संभावनाएं



यह हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। पहली बार, राज्य से ताजी चेरी और आलूबुखारे की खेप ओमान पहुँची है। ओमान में हिमाचल के फलों को मिली सराहना ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं।

-सुखविंदर सिंह सुक्खू, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### अत्यंत दुखद



बेंगलुरु में महापहाना की पत्थर की खदान में हुए भीषण हादसे में बिहार के प्रवासी मजदूर भाइयों के असमय निधन की खबर अत्यंत दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को उनके पवित्र चरणों में स्थान मिले।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

### सत्ता का गलत इस्तेमाल



बीजेपी अपनी सत्ता का गलत इस्तेमाल करके बीजेपी-शासित राज्यों, खासकर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का खराब माहौल बना रही है और पुलिस का राजनीतिकरण कर रही है। जनता इस नकारात्मक व्यवहार से बेहद आक्रोशित है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## संक्षेप

### मौसम बदला, हुई बारिश

**भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत, तापमान में 4-5 डिग्री आई गिरावट**

अमेठी , शुक्रवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। गौरीगंज सहित कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई, जिससे भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत मिली। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और गौरीगंज क्षेत्र में झमाझम बारिश शुरू हो गई। यह बारिश करीब आधे घंटे तक जारी रही। तापमान में आई गिरावट पिछले कई दिनों से जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। भीषण गर्मी और उमस के कारण लोग परेशान थे, जिससे स्कूल-कॉलेज और दफ्तर जाने वाले लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के बाद तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस बारिश से किसानों को भी लाभ हुआ है, खासकर धान की रोपाई के लिए इसे फायदेमंद बताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहें।

### सूखे कुएं में मिला बुजुर्ग का शव

**घर से 500 मीटर दूर हादसा, कई दिनों से बीमार चल रहे थे**

अमेठी , एक 70 साल के बुजुर्ग का शव घर से करीब 500 मीटर दूर एक सूखे कुएं में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकालकर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के हथकिला गांव की है। मृतक की पहचान 70 वर्षीय ननकू के रूप में हुई है। वह गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे दुकान से घर के लिए निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे गांव के शिव मंदिर के पास स्थित एक सूखे कुएं में उनका शव एक चरवाहे ने देखा, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों द्वारा तत्काल घटना की जानकारी अमेठी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाल श्रीराम पांडेय और सीओ मनोज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला और अमेठी सीएचसी भेजा। अमेठी कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। मृतक के बेटे दर्शन ने पुलिस को बताया कि उनके पिता पिछले चार महीने से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लाक मुख्यालय तेजवापुर में सम्पन्न हुआ 344 जोड़ों का सामूहिक विवाह

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के कुशल निर्देशन में विकास खण्ड मुख्यालय तेजवापुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की 344 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड महसी से 178, तेजवापुर से 49, फखरपुर से 46 तथा शिवपुर की 71 कुल 344 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ। इस प्रकार कुल 344 जोड़ों में से 315 हिन्दू जोड़ों का विवाह विद्धान ब्राहमणों द्वारा हिन्दू रीति-रिवाजों से विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया जबकि 29 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के साथ फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया तथा पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, निदेशक चीनी नानपारा अखण्ड प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राम निवास जायसवाल, जिला मंत्री शशिकांत त्रिपाठी, समाजसेवी दिवाकर पाण्डेय, अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, बीडीओ प्रतीक यादव वर वधु के अभिभावकों व इष्टमित्रों के साथ कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया तथा वर वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा जयमाल पण्डाल तथा निकाह घर में जाकर नव विवाहित दम्पत्तियों पर पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर नव दम्पत्तियों को वैवाहिक सामग्री और मिष्ठान का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक महसी श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता का परिणाम है कि सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत प्रदेश की गरीब बेटियों की शादी धूमधाम के साथ सम्पन्न हो रही है। योजना की विशेषता यह है कि लाभार्थी परिवार की बेटियों का विवाह उनकी सामाजिक एवं धार्मिक मान्यता तथा रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया जाता है। श्री सिंह ने आमजन का आहवान किया कि इस महत्वाकांक्षी योजना का भरपूर लाभ उठायें। कार्यक्रम के अन्त में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय ने नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर बधाई देते हुए आगन्तुको के प्रति आभार ज्ञापित किया। वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा नव विवाहित दम्पत्तियों पर पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर नव दम्पत्तियों को वैवाहिक सामग्री और मिष्ठान का भी वितरण किया गया।

# अल-अजहर विश्वविद्यालय से मास्टर्स इन हदीस पूरी कर स्वदेश लौट रहे हैं अल्लामा अजहरी सैय्यद नौमान मियाँ

## बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले उनके इस्तेकबाल के लिए पहुंच रहे है लखनऊ

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

बहराइच। विश्वविख्यात इस्लामी शिक्षण संस्थान अल-अजहर विश्वविद्यालय, काहिरा (मिस्त्र) से मास्टर्स इन हदीस की उच्च शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद अल्लामा अजहरी सैय्यद नौमान मियाँ साहब सोमवार को स्वदेश भारत लौट रहे हैं। उनके आगमन पर लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रूपईडीहा, नानपारा, बहराइच सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में उनके अनुयायी एवं शुभचिंतक स्वागत के लिए पहुंचेंगे। अल्लामा अजहरी सैय्यद नौमान मियाँ साहब उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं धार्मिक केंद्र किछौछा शरीफ से जुड़े प्रतिष्ठित अशरफी खानदान के सदस्य हैं। वे प्रख्यात इस्लामी विद्वान एवं ओजस्वी वक्ता खतीब-ए-आजम-ए-हिंद सैय्यद मोहम्मद मक्की राशिद मियाँ अशरफ जिलानी के सुपुत्र हैं। उनके परिवार को देश-विदेश में धार्मिक, शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक सेवाओं के लिए विशेष सम्मान प्राप्त है। अल-अजहर विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने हदीस विषय में उच्च शिक्षा के साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं शोधपरक विषयों का गहन अध्ययन किया और उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। उनकी यह उपलब्धि दीनी तालीम हासिल करने वाले भारतीय विद्यार्थियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत मानी जा रही है। उनकी शैक्षणिक सफलता पर देश-विदेश के उलेमा, शिक्षाविदों, सामाजिक हस्तियों, विद्यार्थियों, मुरीदीन एवं शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए मुबारकबाद दी है। स्वदेश वापसी को लेकर उनके चाहने वालों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।भारत आगमन पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा उनके सम्मान एवं स्वागत की तैयारियां की गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अल्लामा अजहरी सैय्यद नौमान मियाँ साहब अपनी उच्च शिक्षा, शोध एवं इल्मी अनुभव के माध्यम से समाज में ज्ञान, सद्भाव, नैतिक मूल्यों तथा इस्लामी शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी स्वदेश वापसी को परिवार, शुभचिंतकों तथा धार्मिक एवं शैक्षणिक जगत के लिए गौरव और हर्ष का अवसर माना जा रहा है।

# रुपईडीहा पत्रकार संघ बनाम रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी के बीच छः मैचों की सीरीज टाई

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा बहराइच नगर पंचायत रुपईडीहा के राम जानकी क्रिकेट मैदान मे मैत्री मैच मे रुपईडीहा पत्रकार संघ और एस एस बी के बीच खेली जाने वाली क्रिकेट सीरीज का आखिरी मुकाबले मे पुलिस व एस एस बी की सय्युक्त टीम ने ३ विकेट से मैच जीत कर 6 मैचों की श्रृंखला बराबरी पर छूटी। आज के मैच मे और रुपईडीहा पत्रकार संघ की तरफ से टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 82 रन पर ऑल आउट हो गई जवाब में उतरी एस एस बी व पुलिस की टीम ने थाना अध्यक्ष रमेश सिंह रावत की अगवाई में तीन विकेट शेष रहते हैं लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह 6 मैचों की श्रृंखला आज बराबर पर खत्म हुई इस अवसर पर थाना अध्यक्ष रुपईडीहा ने बताया कि इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में ऐसे आयोजन बहुत जरूरी है।



# केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**नीति आयोग के सहयोग से डिजिटल हुआ राजकीय जिला पुस्तकालय**

**अपग्रेडेशन कर पाठकों के लिए सुविधाओं का हुआ विस्तार**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा/मो0कौसर



बहराइच। जनपद स्तर पर प्रतियोगी छात्रों के लिए अध्ययन हेतु डिजिटली सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नीति आयोग भारत सरकार से वर्ष 2023 में प्राप्त हुई धनराशि रू. 103.65 लाख से गेंद घर मैदान स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय बहराइच को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने के साथ साथ पाठकों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से एक स्थान पर न्यूनतम शुल्क पर प्रतियोगी छात्रों को आफलाइन व आनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है।जनपद भ्रमण पर आये नीति आयोग भारत सरकार के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी/संयुक्त सचिव, भारत सरकार आलोक तिवारी ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ राजकीय लाइब्रेरी बहराइच में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम निर्माण खण्ड बहराइच द्वारा अपग्रेडेशन कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने प्रभारी अधिकारी को बताया कि राजकीय जिला पुस्तकालय के अपग्रेडेशन कार्य में सबसे बड़ी चुनौती पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी में रखी हुयी पुस्तकों, फर्नीचर व अलमारी को हटाकर रिनोवेशन कराना था। परन्तु तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए पाठकों की सुविधा के लिए राजकीय जिला पुस्तकालय को वातानुकूलित करने के साथ-साथ पुस्तकालय को डिजिटली अपग्रेड करते हुए वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि यहां पर आने वाले पाठकों के अध्ययन के लिए आफलाइन व आनलाइन पुस्तकों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है। राजकीय जिला पुस्तकालय डिजिटली अपग्रेड होने से गरीब एवं मेधावी छात्रों को न्यूनतम शुल्क के साथ आधुनिक सुविधाओं सहित आफलाइन व आनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो रही है। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता इं.चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, आयुष चिकित्साधिकारी डा पीयूष नायक, अपर सांख्यिकीय अधिकारी तीरथ राम वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# एक वृक्ष 10 पुत्र समान

**अपने माता-पिता के नाम से लगाए एक वृक्षः एसपी सिंह**

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष एस पी सिंह अपने संबोधन में बताया कि एक पेड़ 10 पुत्र समान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इन दिनों वन महोत्सव मनाया जा रहा है। हर किसी को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसको मां से जोड़कर एक भावनात्मक रिश्ता कायम करने की कोशिश की जा रही है। पौधा रोपण को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन एक सवाल यह भी है की जो हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा है उसके लिए भी हमें अभियान चलाना पड़ रहा है। ऐसा क्यों है कारण हर कोई अपनी जिम्मेदारी से दूर भागता है। हम जानते हैं कि पेड़ पौधे हमें छाया देते हैं हरा भरा परिवेश देते हैं सबसे बड़ी बात यह है कि पेड़ पौधों से ही हमें ऑक्सीजन मिलता है। ऑक्सीजन जीवन के लिए जरूरी है इसके बाद भी हम अपने सांसों की डोर को क्यों भूलते जा रहे हैं। दरअसल हम विकास की दौड़ में सब कुछ खोते जा रहे हैं हम बड़ी-बड़ी इमारतें तो बना रहे हैं लेकिन किसी ने पौधरोपण के बारे में नहीं सोचा शहर में पार्कों की हालत देख लीजिए, किसी से छिपी नहीं है दो पल सुकून की आस में लोग वहां पर जाते हैं। लेकिन मन को शांत नहीं मिलती है। इसका जिम्मेदार कोई और नहीं हम और आप ही हैं। अभी समय है हमें आपको हरित क्रांति लानी होगी, इसके तहत अगर अधिक वृक्ष नहीं लगा सकते हैं तो कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम और दूसरा अपने पिता के नाम अवश्य लगे जिससे कि पर्यावरण संरक्षण का संतुलन बना रहे।

# वैन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में पिता-पुत्र घायल

**जिला अस्पताल रेफर**

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। जनपद के फखरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंडासर चौकी के भकला-कुंडासर मार्ग स्थित अहिरन गौढ़ी के पास रविवार को एक तेज रफ्तार मारुति वैन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन आमने-सामने से आ रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अनवर अली पुत्र इस्माईल तथा सद्दाम पुत्र अनवर अली निवासी सिरौला थाना हुजूरपुर जनपद बहराइच के रूप में हुई है। हादसे में शामिल मोटरसाइकिल का नंबर यूपी 40 BB 0169 बताया गया है, जबकि मारुति वैन का नंबर यूपी 32 HD 4381 है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। तथा दोनों वाहनों को चौकी पर खड़ा करवा दिया गया है घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा।

# यूपीटीईटी परीक्षा देने आई युवती से होटल में रेप

**आरोपी ई-रिक्शा चालक एनकाउंटर में गिरफ्तार, होटल मालिक-स्टाफ को भी पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ ,यूपीटीईटी परीक्षा देने आई 28 साल की युवती के साथ होटल के कमरे में दुष्कर्म करने वाले ई-रिक्शा चालक को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि होटल का मालिक और स्टाफ भी इस वारदात में सहयोगी था। पुलिस ने होटल मालिक और रिसेप्शनिस्ट को भी गिरफ्तार कर लिया है। होटल की तलाशी में 40 फर्जी आधार कार्ड मिलने के बाद पूरे मामले में फर्जी आईडी के जरिए अवैध गतिविधियां चलाने वाले एक बड़े सिंडिकेट का भी खुलासा हुआ है।एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि आरोपी सुभान निवासी नगला पटवारी/इस्लाम नगर, क्वार्सी को तड़के सुबह चार बजे पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। उसके पैर में गोली लगी है। मौके से चोरी की स्प्लेंडर बाइक, अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।\ पुलिस के अनुसार, निजी कंपनी में काम करने वाली युवती गुरुवार को होने वाली यूपीटीईटी परीक्षा में शामिल होने के लिए एक दिन पहले बस से कासगंज से अलीगढ़ पहुंची थी। रात करीब साढ़े आठ बजे वह बन्नादेवी क्षेत्र के सारसौल बस स्टैंड पर उतरी और ठहरने के लिए होटल तलाशने लगी।\ इसी दौरान ई-रिक्शा चालक सुभान मिला। उसने पास में सस्ता और अच्छा होटल दिलाने का भरोसा दिलाया और 50 रुपए किराया तय कर युवती को करीब 300 मीटर दूर स्थित नीलकंठ होटल ले गया।

**200 रुपए के छुट्टे बने वारदात की वजह**

होटल पहुंचने पर युवती ने आरोपी को 200 रुपए दिए। छुट्टे न होने पर सुभान उन्हें खुलवाने चला गया। युवती ने रिसेप्शन पर बैठे कर्मचारी से कहा कि आरोपी आने पर उसे छुट्टे पैसे दे देना और वह अपने कमरे में चली गई।

**चीखती रही पीड़िता, 5 मीटर दूर बैठा स्टाफ नहीं पहुंचा**

पुलिस जांच में सामने आया कि घटना के दौरान युवती लगातार मदद के लिए चीखती रही, लेकिन कमरे से महज पांच मीटर दूर रिसेप्शन पर मौजूद होटल स्टाफ ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। पुलिस का कहना है कि होटल स्टाफ की भूमिका संदिग्ध मिलने पर उसे भी सह-आरोपी बनाया गया है।

# पुलिस ने वापस कराए 10.33 लाख रुपए

## जून में साइबर ठगी के शिकार हुए 19 पीड़ितों को मिली राहत

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर, पुलिस ने जून माह में साइबर ठगी के शिकार हुए 19 पीड़ितों को बड़ी राहत दी है। पुलिस ने विभिन्न मामलों में कुल 10 लाख 33 हजार 140 रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक उनके बैंक खातों में वापस कराई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चारू निगम के कुशल निर्देशन में की गई।\ नोडल अधिकारी एएसपी बृजनरायण सिंह और क्षेत्राधिकारी, साइबर क्राइम थाना आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक, साइबर क्राइम थाना के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने ऑनलाइन मार्केटिंग, गेमिंग ऐप, लिंक भेजकर, ओटीपी साझा कराकर, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर और डरा-धमकाकर की गई ठगी से संबंधित मामलों पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही और गहन तकनीकी जांच की।\ जांच के दौरान, संबंधित बैंक, भुगतान सेवा प्रदाताओं, दूरसंचार कंपनियों और अन्य एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। जालसाजों के बैंक खातों को समयबद्ध रूप से फ्रीज कराया गया और आवश्यक पत्राचार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह धनराशि वापस मिल सकी।छोटे अमाउंट वाले पीड़ितों को मिलेगी बड़ी राहत इस सफलता पर जिले की पुलिस कप्तान चारू निगम ने एक वीडियो बयान जारी कर जनता से अपील की है। उन्होंने बताया कि साइबर धोखाधड़ी होने के बाद शुरूआती 24 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। यदि पीड़ित तुरंत शिकायत करता है, तो पैसा दूसरे खातों में ट्रांसफर होने से पहले ही होल्ड कर दिया जाता है। एसपी निगम ने स्पष्ट किया कि ठगी का अहसास होते ही सीधे थाने या पुलिस के पास जाने के बजाय, तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# प्रतापगढ़ में महिला से गैंग रेप

**मोहर्रम पर ताजिए की भीड़ से बचने को रास्ता बदला, बाग में खींचकर तीन लोगों ने की दरिंदगी**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, जिले के कुंडा कोतवाली क्षेत्र में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि मोहर्रम के दिन शाम करीब 4 बजे वह पैदल बाजार जा रही थी। ताजियों के जुलूस के कारण मुख्य सड़क पर जाम लगा था, जिसके चलते वह बगल के रास्ते से होकर जा रही थी।\ आरोप है कि रास्ते में बाग में बैठे तीन युवकों ने उसे रोक लिया। वे उसे जबरन पास के तालाब के गड्ढे में खींच ले गए, जहां तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपियों ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।\ धमकी और डर के कारण पीड़िता तुरंत पुलिस के पास नहीं पहुंची। गुरुवार को जब उसका बेटा बाहर से घर लौटा, तो उसने हिम्मत जुटाकर कुंडा कोतवाली में तहरीर दी।\ पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मोहम्मद धोनी उर्फ अशरफ, रिजवान और हसन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।\ कुंडा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने पुष्टि की कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज के ऑक्सीजन प्लांट में लगी आग

## दमकल ने 20 मिनट में पाया काबू, जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , मेडिकल कॉलेज के पुरुष अस्पताल स्थित ऑक्सीजन प्लांट में अचानक आग लगने से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्लांट से धुआं और लपटें उठती देख अस्पताल प्रशासन ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अस्पताल कर्मचारियों के सहयोग से दमकलकर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच कराई जा रही है।घटना के दौरान कुछ समय के लिए अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल रहा, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई मरीज, अस्पताल कर्मचारी या अन्य व्यक्ति घायल नहीं हुआ।अस्पताल प्रशासन ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ऑक्सीजन प्लांट की विद्युत व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा उपकरणों की व्यापक जांच कराई जाएगी। फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य है और अस्पताल की सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं।

## संक्षेप

### 17 स्कूल वाहनों में मिलीं कमियां

**एआरटीओ ने जांच कर चालान किए, सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश**

जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) विपिन कुमार और यात्री कर अधिकारी संदीप जयसवाल ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान 14 विद्यालयों के 17 वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिनमें सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई।\ निरीक्षण में इन वाहनों की फिटनेस, अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान 17 वाहनों में विभिन्न प्रकार की कमियां मिलीं, जिसके बाद मौके पर ही एआरटीओ द्वारा उनके चालान किए गए।\ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने संबंधित विद्यालय प्रबंधन को इन कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और वाहन स्वामियों से अपील की कि बच्चों को केवल उन्हीं वाहनों में यात्रा कराएं जो पूरी तरह से फिट हों और सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हों।\ एआरटीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई स्कूल वाहन बिना फिटनेस प्रमाणपत्र या आवश्यक सुरक्षा मानकों के संचालित होता पाया गया, तो मोटर वाहन अधिनियम के तहत उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।\ परिवहन विभाग ने सभी विद्यालयों से आग्रह किया है कि वे विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इसके लिए समय-समय पर वाहनों की जांच और आवश्यक रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

### ईंट भट्टा मालिकों पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

**बागपत में ग्रामीणों ने डीएम से कार्रवाई की मांग की**

बागपत,ईंट भट्टा संचालकों पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इस संबंध में कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकताओं के अनुसार, आरोपी विभिन्न गांवों और क्षेत्रों के निवासी हैं। वे पिछले लगभग दस वर्षों से बड़ौत तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव में एक ईंट भट्टा चला रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले यह भट्टा एक नाम से संचालित होता था, लेकिन वर्तमान में इसे दूसरे नाम से चलाया जा रहा है।\ पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि भट्टा संचालकों ने ईंटों की आपूर्ति का वादा करके अलग-अलग लोगों से लाखों रुपये अग्रिम के तौर पर लिए। शिकायत पत्र में कई ग्रामीणों के नाम और उनके द्वारा दी गई धनराशि का भी उल्लेख है। कुछ लोगों ने ईंट खरीदने के लिए एक लाख से लेकर पंद्रह लाख रुपये तक की रकम जमा कराई थी। हालांकि, उन्हें न तो ईंटें मिलीं और न ही उनका पैसा वापस किया गया।\ शिकायतकताओं योगेंद्र, खुशीराम, देवेंद्र और नरेश सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब वे अपने पैसे या ईंटों की मांग करने भट्टे पर गए, तो उनके साथ अभद्रता की गई। उन्हें कथित तौर पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई और झूठे मुकदमों में फंसाने की बात भी कही गई।ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से संगठित तरीके से लोगों को धोखा देकर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# वन महोत्सव के तहत जगह जगह किए गए वृक्षारोपण

**विधायक समेत पत्रकार तथा जनप्रतिनिधियों ने सुरक्षा का लिया संकल्प**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद में वन महोत्सव के चलते जगह-जगह पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु पौधों का रोपण किया जा रहा है कल जनपद के बिंदकी विधानसभा विधायक जयकुमार सिंह जैकी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के अमर बलिदानी मेजर सलमान खान पार्क में पौधों का रोपण किया गया क्षेत्र के मिस्सी गांव में स्थापित अमर बलिदानी के पार्क में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ने वृक्षारोपण करते हुए आम जनमानस को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया वहीं क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि सभी क्षेत्रवासियों को वर्ष में कम से कम एक वृक्ष लगाना चाहिए जिससे प्रकृति की सुंदरता को बचाया जा सके स्वच्छ वातावरण होने पर हम सभी को स्वच्छ वायु प्राप्त होगी और सभी निरोगी होंगे इस मौके पर बिंदकी रेंज वन अधिकारी रविंद्र सिंह विष्ट आदि ने भी क्षेत्रीय विधायक के साथ मिलकर गोल्ड मोहर कनेर कंजी अकेसिया तथा अशोक आदि के पौधों का रोपण किया इस मौके पर वन दरोगा रविंद्र कुमार अवधेश अंकित वर्मा श्रुति कीर्ति वनरक्षक महेंद्र प्रताप देवेंद्र कुमार समेत सभी विभागीय कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे

### अमौली विकासखंड में रोपित किए गए वृक्ष

जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत अमौली कस्बे के बल्देवगिरि पाठशाला इंटर कॉलेज के सामने स्थापित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में वरिष्ठ पत्रकार शीलचंद्र आर्य की अगुवाई में वृक्षारोपण किया गया इस मौके पर बनदरोगा विकास मिश्रा डॉक्टर जीपी वर्मा समेत अन्य सभी समाजसेवियों ने उपस्थित होकर वृक्षों का रोपण करते हुए वृक्ष की देखभाल करने का संकल्प लिया

### आखिर कहां चले जाते हैं प्रतिवर्ष रोपित किए गए वृक्ष

यह एक सोचनीय विषय है कि प्रतिवर्ष जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में लाखों रुपए खर्च करते हुए सरकार द्वारा अथवा समाजसेवियों द्वारा पर्यावरण को शुद्ध बनाने हेतु वृक्षों का रोपण किया जाता है परंतु कुछ दिवस बाद वृक्ष आलोपित हो जाते हैं इससे साफ स्पष्ट है कि एक वृक्ष को दर्जनों लोग पकड़ कर लगा तो सकते हैं परंतु उसकी देखभाल करने के लिए एक भी हाथ आगे नहीं आता वृक्षों का वृक्षारोपण केवल फोटोग्राफ और फाइलों तक ही सीमित रह जाता है यदि धरातल पर निष्ठा से कार्य किया जाए तथा लगाए गए पौधे की देखभाल सुचारू रूप से की जाए तो निश्चित रूप से जनपद ही नहीं बल्कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश तथा भारतवर्ष में हरित क्रांति की धारा एक बार फिर से प्रवाहित होने लगेगी पूर्व काल में अमौली क्षेत्र नोन नदी पर स्थापित किए गए हजारों पौधों का इतिहास कुछ ही महीनों में मिट्टी में मिल गया जहां बड़े-बड़े अधिकारी कर्मचारी शिक्षा चिकित्सा तथा मीडिया के वरिष्ठ लोगों ने अगुवाई करते हुए पौधों का रोपण किया था परंतु यह सभी वृक्ष केवल सोशल मीडिया में फोटोग्राफ के रूप में इतिहास बनकर रह गए तथा कुछ ही दिनों में देखभाल न होने पर नेस्तनाबूद हो गए यदि इसी प्रकार वृक्ष केवल सोशल मीडिया में वाहवाही के लिए रोपित किए गए तो पर्यावरण को आज के समय में प्रदूषण मुक्त करना संभव नहीं दिख रहा

# जहानाबाद क्षेत्र का युवक करता था अधिकारी बनकर ठगी

**पुलिस प्रशासन ने फर्जी सीबीआई अधिकारी को किया गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना प्रशासन ने फर्जी सीबीआई बनकर आम नागरिकों से लाखों रुपए की ठगी करने वाले मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नारायणपुर मजरे ग्राम पंचायत कलाना निवासी 19 वर्षीय युवक धीरेन्द्र पुत्र बाबू सिंह ने फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी की गिरफ्तार होने के बाद आरोपी ने बताया कि वह ट्रूकॉलर के माध्यम से लोगों के मोबाइल नंबर की पूर्ण जानकारी करता था तथा लोगों को वीडियो कॉल करते हुए अश्लील वीडियो देखने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज होने की बात बताता था गिरफ्तारी की धमकी दी जाती थी जिससे डर कर लोग आरोपी मुन्ना भाई द्वारा भेजे गए क्यूआर पर पैसे ट्रांसफर कर देते थे पूर्व काल में मुंबई में निवास करने वाले एक युवक से 28540 की साइबर ठगी की गई जहां पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई तथा थाना जहानाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने जांच प्रारंभ की जहां जांच के पश्चात टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया इस अभियान में थाना प्रभारी के साथ को उप निरीक्षक नीरज कुमार विकास कनौजिया मुख्य आरक्षी प्रीती सिंह आरक्षी सौरभ यादव अनुज कुमार आदि का भी सराहनीय सहयोग रहा थाना प्रभारी ने बताया कि सरगना को गिरफ्तार किया गया है वहीं इस मिशन से जुड़े अन्य लोगों की भी खोजबीन की जा रही है प्रशासन ने गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की

# डीआईओएस कार्यालय का लेखाकार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**एंटी-करप्शन टीम ने 25 हजार रुपए के साथ रंगे हाथ दबोचा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत एंटीकरप्शन यूनिट ने जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय के लेखाकार राजीव सिंघल को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया के लिए सिविल लाइन थाने ले जाया गया।एंटीकरप्शन यूनिट को मवाना निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक महिपाल ने शिकायत दी थी। महिपाल के अनुसार, उनकी पेंशन संबंधी फाइल के निस्तारण के लिए लेखाकार राजीव सिंघल 25 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद आरोप सही पाए गए, जिसके बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई।पूर्व निर्धारित योजना के तहत, शिकायतकर्ता महिपाल रिश्वत की रकम लेकर डीआईओएस कार्यालय पहुंचे। जैसे ही उन्होंने लेखाकार राजीव सिंघल को 25 हजार रुपये दिए, सादे कपड़ों में मौजूद एंटीकरप्शन टीम ने उन्हें तत्काल रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और आरोपी को थाने ले गई। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।राजीव सिंघल की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही डीआईओएस कार्यालय में कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। अधिकारी और कर्मचारी इस घटनाक्रम पर चर्चा करते देखे गए। एंटीकरप्शन टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि क्या उसने अन्य मामलों में भी इसी तरह रिश्वत ली थी।यह पिछले आठ दिनों के भीतर मेरठ में एंटीकरप्शन यूनिट की दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

# मेरी मौत का जिम्मेदार मैं खुद हूं...

**हाथ पर नोट लिखकर युवक ने लगाई फांसी, भाई बोला- समझ नहीं आ रहा क्यों उठाया कदम**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,परतापुर थाना क्षेत्र के शताब्दी नगर सेक्टर-4सी स्थित पार्क वाली गली में देर रात एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजन उसे उठाने पहुंचे तो कमरे का दृश्य देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। युवक का शव कमरे में फंदे से लटका मिला।उसने अपने बाएं हाथ में एक नोट भी लिख रखा था। नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके से सबूत इकट्ठा कर मामले की जांच शुरू कर दी।परतापुर थाना क्षेत्र के शताब्दी नगर सेक्टर-4सी के रहने वाले सुभाष पांडेय (30) पुत्र रामबालक पांडेय एक निजी फैक्ट्री में मजदूर हैं। सुभाष के माता-पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। सुभाष चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। बड़ा भाई अजय पांडे(44) ठेकेदारी के तहत मजदूरी का काम करता है। सबसे छोटा भाई नकुल पांडे(25) झारखंड में ट्रक ड्राइविंग का काम करता है।सुभाष बड़े भाई अजय के साथ एक ही मकान में रहता था। रात रोजाना की तरह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह काफी देर तक बाहर नहीं आने पर भाई उसे उठाने कमरे में गया। कमरे में सुभाष रस्सी के फंदे से लटका था। भाई का शव देख अजय चीख पड़ा। अजय की चीक सुनकर आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।हाथ में लिखा था सुसाइड नोटशव का बारीकी से निरीक्षण करने पर सुभाष के बाएं हाथ पर एक नोट लिखा मिला। जिसे पुलिस ने महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया है। हाथ पर लिखा था, ह्नराधे-राधे... मेरी मौत का कारण मैं खुद हूं। इसमें किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं है। ऐसा कदम कोई न उठाए।ह्व। पुलिस इस नोट के साथ-साथ मृतक के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और अन्य परिस्थितियों की भी जांच कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

# अवैध कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई जारी

**चाणक्य कोचिंग पहले सील, फिर आश्वासन पर खोली; अन्य संचालकों ने जताया विरोध**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ,लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग की घटना के बाद मेरठ में अवैध और मानकविहीन कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। दोपहर एमडीए (मेरठ विकास प्राधिकरण) की टीम बच्चा पार्क स्थित स्टार प्लाजा पहुंची, जहां बड़ी संख्या में कोचिंग सेंटर संचालित होते हैं। जांच के दौरान मानकों का उल्लंघन मिलने पर टीम ने चाणक्य कोचिंग सेंटर को सील कर दिया। हालांकि, संचालक द्वारा लिखित में मानकों का पालन करने का आश्वासन देने के बाद सील खोल दी गई। इस पर अन्य कोचिंग संचालकों ने आपत्ति जताई।\ जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देश पर अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एडीएम सिटी बृजेश सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई है। टीम में एमडीए, अग्निशमन विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारी शामिल हैं। अब तक 50 से अधिक कोचिंग सेंटरों को सील किया जा चुका है। विभिन्न विभागों की ओर से नोटिस भी जारी किए गए हैं। एमडीए के जेई बिजेंद्र और धीरज यादव के नेतृत्व में टीम ने स्टार प्लाजा में अभियान चलाया। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही कई कोचिंग संचालकों ने अपने संस्थानों के बोर्ड हटा दिए। कुछ स्थानों पर कोचिंग के बोर्ड की जगह अधिवक्ताओं या अन्य प्रतिष्ठानों के बोर्ड लगा दिए गए, जिससे कार्रवाई के दौरान टीम को जांच में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।कोचिंग संचालकों ने लगाया भेदभाव का आरोपकोचिंग संचालकों का कहना है कि एमडीए की कार्रवाई एकतरफा है और केवल कुछ चुनिंदा संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि वे सभी आवश्यक मानकों का पालन करने को तैयार हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए।इस संबंध में कोचिंग संचालकों और शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल पहले कमिश्नर और जिलाधिकारी से भी मिल चुका है।

# मोहित हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पुलिस पर फायरिंग करके भाग रहा था, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , चर्चित मोहित शर्मा हत्याकांड के मुख्य आरोपी गौरव शर्मा को पुलिस ने तड़के करीब 5 बजे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कराने डंपिंग ग्राउंड के पास लेकर गई थी। इसी दौरान उसने झाड़ियों में छिपाया तमंचा निकालकर पुलिस पर फायरिंग कर दी।\ जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बर्थडे पार्टी के बहाने घर से बुलाया था

न्यू शांति नगर निवासी मोहित शर्मा बुधवार रात घर पर था। परिजनों के मुताबिक, रात करीब 11 बजे उसके दोस्त गौरव, देव और हरि उसे बर्थडे पार्टी का बहाना बनाकर अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि पार्टी के दौरान कहासुनी के बाद तीनों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर मोहित पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सीने और पेट पर कई वार करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। तड़के मोहित की मौत हो गई।

### 20 दिन पहले हुए विवाद का बदला लिया

एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल के अनुसार पूछताछ में आरोपी गौरव ने बताया कि करीब 20 दिन पहले मोहित से उनका विवाद हुआ था। उसी समय से उसकी हत्या की योजना बना ली थी। आरोपी ने यह भी कहा कि मोहित उनके बारे में गलत बातें करता था। और इसी रंजिश में अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

# पति ने 40 साल की इन्फ्लुएंसर की हत्या की

**चाकू से गोदा, फिर खुद पर वार किए; मेरठ में बेडरूम से खींचकर की वारदात**

अमन लेखनी समाचार




मीडिया इन्फ्लुएंसर निशा चौहान (40) की सुबह 6 बजे पति ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पति प्रदीप चौहान (42) ने खुद पर भी कई वार किए। वह बुरी तरह जख्मी हो गया। बच्चे चीखते-चिल्लाते बाहर आए। पड़ोसी अंदर पहुंचे तो फर्श पर निशा खून से लथपथ पड़ी थी। कुछ दूरी पर घायल प्रदीप भी तड़प रहा था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला इन्फ्लुएंसर को मृत घोषित कर दिया। वारदात 1170 वर्ग फीट जमीन की रजिस्ट्री की वजह से हुई है। पुलिस के मुताबिक, जमीन की रजिस्ट्री आज ही होनी थी।निशा चाहती थी कि रजिस्ट्री उसके नाम पर हो, लेकिन प्रदीप तैयार नहीं था। फॉरेंसिक टीम और अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सबूत जुटाए। पुलिस ने बच्चों से पूछताछ की। घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। घटना सरूरपुर थाना क्षेत्र के हर्रा कस्बे की है। निशा को फएएछ बनाने का शौक था, प्रदीप अउ टेक्नीशियन था पुलिस के मुताबिक, मेरठ के हर्रा कस्बे में निशा चौहान पति प्रदीप, दो बेटे देव (17), शुभ (16) और बेटी एंजेल (12) के साथ रहती थीं। निशा ब्यूटी पार्लर चलाती थी। उसे फएएछ बनाने का शौक था। इंस्टाग्राम पर निशा खुद को रील क्रिएटर, ब्यूटिशियन और एक्ट बताती थी। प्रदीप अउ टेक्नीशियन है।

### पड़ोसी बोले- घर से चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं

पड़ोसियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह घर से चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। निशा और प्रदीप के बीच बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। इस बीच बच्चे भागते हुए बाहर निकले। हमें पूरी बात बताई। हम भागकर अंदर पहुंचे। फिर पुलिस बुलाई। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए, सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

### बेडरूम से खींचकर हॉल में लाया, चाकुओं से गोदा

सीओ सरधना आशुतोष सिंह ने बताया- प्रदीप का पत्नी निशा से झगड़ा हुआ था। वह निशा को बेडरूम से खींचकर बाहर हॉल में लाया। चाकू से हमला कर दिया। उसके गले पर भी वार किए। निशा खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। इसके बाद प्रदीप ने खुद पर भी चाकू से हमला किया। बीच-बचाव के दौरान उनका एक बेटा भी घायल हुआ है। मुकदमा दर्ज कर हत्या की जांच की जा रही है।

# ऑटो-ट्रक टक्कर, महिला की मौत

**पांच लोग गंभीर घायल, सेक्टर-75 के पास हुआ हादसा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल के पास शाम करीब 7 बजे एक सड़क किनारे खड़े ट्रक से ऑटो टकरा गया। इस हादसे में ऑटो सवार 45 साल की महिला की मौत हो गई, जबकि चालक समेत पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर सेक्टर-113 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने ट्रक और ऑटो को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, गाजियाबाद के कौशांबी से पानी की बोतलों से लदा एक ट्रक बुलंदशहर के सिकंदराबाद जा रहा था। चालक ने सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल के गेट नंबर-8 के पास ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और शौच के लिए चला गया।नोएडा के सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल के पास शाम करीब 7 बजे एक सड़क किनारे खड़े ट्रक से ऑटो टकरा गया।नोएडा के सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल के पास गुरुवार शाम करीब 7 बजे एक सड़क किनारे खड़े ट्रक से ऑटो टकरा गया।

# साइबर ठगी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**आईजीएल कर्मचारी बनकर फोन किया, गैस कनेक्शन का बिल बकाया होने के नाम पर डराया**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा में साइबर अपराध थाना पुलिस ने आईजीएल कर्मचारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी लिंक भेजकर ग्रेटर नोएडा के एक बुजुर्ग से 21.27 लाख रुपए की ठगी की थी। जांच के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### गैस कनेक्शन काटने की धमकी देकर भेजा लिंक

बिसरख निवासी 61 वर्षीय गुजीब कालरा ने 9 मार्च को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 1 मार्च को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को आईजीएल का कर्मचारी बताया और बकाया गैस बिल जमा नहीं होने पर कनेक्शन काटने की बात कही।इसके बाद आरोपी ने एक लिंक भेजकर ऑनलाइन भुगतान करने को कहा। लिंक खोलकर जैसे ही कालरा ने बैंक संबंधी जानकारी दर्ज की, साइबर ठगों ने उनके खाते तक पहुंच बना ली।11 ट्रांजैक्शन में निकाले 21.27 लाख रुपएआरोपियों ने 11 अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए पीड़ित के खाते से 21 लाख 26 हजार 835 रुपए निकाल लिए। यह रकम विभिन्न बैंकों के क्रेडिट कार्ड भुगतान में ट्रांसफर की गई। पैसे कटने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल और पुलिस से शिकायत की।चार आरोपी गिरफ्तारजांच के बाद पुलिस ने गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक निवासी सचिन कुमार, बिसरख निवासी शहनवाज शेख, शिवम पांडेय और शुभम कुमार सिंह को गिरफ्तार किया।

# पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा

**6 लैपटॉप-7 मोबाइल बरामद, पीजी और किराए के मकानों को बनाता था निशाना**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,नोएडा पुलिस ने पीजी, किराए के मकानों और फ्लैटों में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, छह लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 12500 रुपए नकद और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। आरोपी चोरी का सामान कुरियर के जरिए तमिलनाडु भेज देता था या राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच देता था।\ एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने शनिवार दोपहर करीब 2 बजे पीसी में बताया कि सेक्टर-128 स्थित शाहपुर गांव निवासी विशाल आडभाई की शिकायत पर थाना सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज किया गया था।नोएडा पुलिस ने चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक बाइक, छह लैपटॉप, सात मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।नोएडा पुलिस ने चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक बाइक, छह लैपटॉप, सात मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।

# दिव्यांग ने लगाया रास्ता बंद करने और पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**अमन लेखनी समाचार**



बस्ती। हरैया थाना क्षेत्र के खखरिया सुजात गांव निवासी दिव्यांग मनोज कुमार पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर आवागमन का एक मात्र रास्ता जबरन बंद करने का प्रयास करने तथा थाने पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में न्याय दिलाने और अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार मनोज कुमार पाण्डेय दिव्यांग हैं और व्हीलचेयर के सहारे चलते हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर तक आने-जाने का केवल एक ही रास्ता है, जिस पर गांव के कुछ लोग जबरन निर्माण कर रास्ता बंद करना चाहते हैं। इससे उनके परिवार का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि यदि निर्माण रोकने की कोशिश की गई तो रास्ता बंद कर दिया जाएगा और अधिक विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मनोज पाण्डेय का कहना है कि उन्होंने घटना की सूचना डायल 112 को दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका यह भी आरोप है कि बाद में हरैया थाने पर भी शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई। शिकायत में महेन्द्र सिंह, विक्की सिंह को नामजद करते हुए उन पर दबंगई के बल पर रास्ते में अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाए, रास्ते पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाया जाए तथा उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# 1 जुलाई से 31 अगस्त तक सोनभद्र में मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लागू

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जनपद में मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट चर्चित गौड़ ने 1 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक सभी नदियों, तालाबों एवं जलाशयों में मत्स्य आखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों एवं ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध अवधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रजननशील मछलियों को पकड़ना, मारना, बेचना अथवा पकड़ने का प्रयास करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही विस्फोटक पदार्थों, विषैले रसायनों अथवा अन्य अवैध साधनों से मछली पकड़ने पर भी सख्त रोक रहेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि रिहंद, धंधरौल, कड़ियाताल, पुरखासताल, जीवारताल सहित सभी संबंधित जलाशयों के ठेकेदार 30 जून की मध्यरात्रि से अपनी नाव एवं जाल जलाशयों से बाहर कराना सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय मत्स्य प्रभारियों को प्रतिबंध अवधि में जलाशयों में मत्स्य आखेट पूर्णतः बंद कराने तथा नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जलधाराओं के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करने के लिए किसी प्रकार का अवरोध खड़ा करना तथा मत्स्य बीज, अंगुलिका अथवा मछलियों को पकड़ना या नष्ट करना प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में अवैध सामग्री एवं पकड़ी गई मछलियां जब्त की जाएंगी तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम, 1948 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मांची एवं थाना रामपुर बरकोनिया का आकस्मिक निरीक्षण

**अभिलेखों का किया गया गहन परीक्षण एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। आज दिनांक 04.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना मांची एवं थाना रामपुर बरकोनिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों थानों के थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कक्ष, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय तथा थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। इस दौरान अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, विवेचना पंजिका, महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित प्रकरणों तथा साइबर अपराधों की समीक्षा करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल द्वारा दोनों थानों के मिशन शक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं परामर्श संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि महिला संबंधी शिकायतों का त्वरित, संवेदनशील एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं के प्रति अधिकाधिक जागरूक किया जाए। इसके अतिरिक्त दोनों थाना क्षेत्रों में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, अपराधों की रोकथाम, रात्रि गश्त एवं वाहन चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही बीट पुलिसिंग को सक्रिय रखते हुए आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने एवं प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसरों की साफ-सफाई, अभिलेखों के समुचित रख-रखाव एवं पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त पुलिस कर्मियों को अनुशासित, संवेदनशील एवं जनोन्मुखी कार्यशैली अपनाते हुए अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया गया।

# शक्तिनगर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई, 01 किलो 205 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मादक द्रव्यों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में थाना शक्तिनगर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शक्तिनगर प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भैरवा रेलवे लाइन के समीप घेराबंदी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 205 ग्राम अवैध गांजा एवं एक अदद एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ को नियमानुसार सीलबंद कर कब्जे पुलिस में लिया गया। इस संबंध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-131/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस द्वारा बरामद मादक पदार्थ के स्रोत एवं इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहन विवेचना की जा रही है।

# 15 करोड़ 24 लाख 86 हजार 200 रुपये मूल्य के 1,897.811 किग्रा मादक पदार्थ का कराया गया विनिष्टीकरण

**पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा 145 अभियोगों से संबंधित अवैध गांजा एवं हेरोइन का नियमानुसार निस्तारण।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन दहनऽ के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा मादक पदार्थों के सुरक्षित एवं विधिसम्मत विनिष्टीकरण की महत्वपूर्ण कार्रवाई संपन्न की गई। मा० सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मादक पदार्थों के अधिग्रहण, भंडारण, निस्तारण एवं न्यायिक पर्यवेक्षण संबंधी जारी दिशा-निर्देशों तथा मा० न्यायालय से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में आज दिनांक 04.07.2026 को जनपद के विभिन्न थानों पर पंजीकृत 145 अभियोगों से संबंधित जब्त अवैध मादक पदार्थों का मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट-डाला सीमेंट वर्क्स), डाला के माध्यम से निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण सुरक्षा एवं विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए विनिष्टीकरण कराया गया।

# मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद अखिलेश मिश्र द्वारा चोपन क्षेत्र का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

चोपन - धनबाद, मंडल रेल प्रबंधक के चोपन आगमन पर सर्वप्रथम सीआईटी सह शाखा सचिव चोपन-1 ईसीआरकेयू उमेश कुमार सिंह के द्वारा बुके देकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त चोपन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया जिसमें चोपन स्टेशन में अमृत भारत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया, साथ ही साथ चोपन यार्ड में स्थित कोचिंग पिट लाइन का निरीक्षण कर सुझाव दिए। इसी क्रम में चोपन रेलवे नियंत्रण कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद द्वारा सलईबनवा स्टेशन के नजदीक बने नव निर्मित एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के साथ रेल का व्यापार बढ़ाने के लिए सलईबनवा स्टेशन से रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने हेतु मीटिंग हुई जिसमें दोनों पक्षों द्वारा सहमति बनी। धनबाद मंडल के चोपन द्वारा 100 वें लॉन्गहॉल के सफलता पूर्वक परिचालन का हरी झंडी दिखाकर रवाना किये। निरीक्षण के दौरान वरीय मण्डल परिचालन प्रबंधक (योजना) अभिषेक विशाल, वरीय कोचिंग डिपो अधिकारी रणधीर कुमार, क्षेत्र कोल प्रबंधक रतन कुमार झा, मण्डल यातायात प्रबंधक रणजीत कुमार, सहायक मण्डल अभियंता संजय कुमार, सीआईटी उमेश कुमार सिंह, स्टेशन प्रबंधक धीरेंद्र कुमार, एवं अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# मतदेय स्थलों की नई सूची जारी, 18 जुलाई तक दर्ज कराएं आपत्ति व सुझाव

महराजगंज। आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा और मतदान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जनपद महराजगंज की सभी पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों (मतदान केंद्रों) की आलेख्य सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। अब आम नागरिक, राजनीतिक दल एवं संबंधित मतदाता इन सूचियों का अवलोकन कर 18 जुलाई 2026 तक अपनी आपत्तियां एवं सुझाव दर्ज करा सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-25 एवं निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में 63-महराजगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 315-फरेन्दा, 316-नौतनवां, 317-सिसवां, 318-महराजगंज तथा 319-पनियरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान स्थलों एवं उनसे संबद्ध मतदान क्षेत्रों की सूची का आलेख्य प्रकाशन किया गया है।

# लॉलीपॉप का लालच देकर छात्राओं से अभद्रता का आरोप, शिक्षक पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**



कोन (सोनभद्र)। शिक्षा क्षेत्र कोन के प्राथमिक विद्यालय धोबी बस्ती, कुड़वा में तैनात एक प्रभारी शिक्षक पर दो छात्राओं के साथ कथित अभद्रता का गंभीर आरोप लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि शिक्षा विभाग ने भी मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। ग्राम पंचायत कुड़वा निवासी छात्रा के माता-पिता ने कोन थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 1 जुलाई 2026 को विद्यालय की छुट्टी होने के बाद प्राथमिक विद्यालय धोबी बस्ती के प्रभारी शिक्षक टीपू सुल्तान, निवासी रामगढ़ (थाना पन्नूगंज), ने कक्षा तीन एवं कक्षा एक की दो छात्राओं को लॉलीपॉप का लालच देकर अपने पास बुलाया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। मामले को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों में भी नाराजगी व्याप्त है। उनका कहना है कि विद्यालय बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान होना चाहिए और यदि इस तरह के आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी कोन ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आते ही उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है तथा विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रभारी निरीक्षक कोन अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है

# चकाडोरी सरकार मंदिर परिसर में हरिशंकरी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का हुआ रोपण

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा (झांसी)। वन महोत्सव सप्ताह 2026 के अंतर्गत रविवार, 5 जुलाई को बामौर रेंज गरौठा द्वारा चकाडोरी सरकार मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय वनाधिकारी जगदम्बा पाठक के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आश्रम के महंत राकेश दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सिया प्रमोद कुमार एवं पूर्व ग्राम प्रधान खरका रामनारायण ने हरिशंकरी के साथ-साथ बेल, कदंब, पीपल, पाकड़, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में वन विभाग के गजेंद्र सिंह (वन दरोगा), रामकुमार (वन दरोगा), तेजप्रताप सिंह (वनरक्षक), रोहित कुमार (वनरक्षक) सहित बामौर रेंज का समस्त स्टाफ एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। वन विभाग द्वारा बताया गया कि 1 से 7 जुलाई तक मनाए जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# 14जुलाई को जिला न्यायालय परिसर कि दुकानों कि होंगी नीलामी

**फोटोकॉपी सेंटर और चाय-कैंटीन के लिए सुनहरा मौका, दोपहर 1 बजे तक आवेदन, शाम 4:30 बजे होगी बोली**

**अमन लेखनी समाचार**

महराजगंज, जिला न्यायालय परिसर में व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों के लिए सुनहरा अवसर सामने आया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला न्यायालय परिसर स्थित फोटोकॉपी/फोटोग्राफी की दुकानों तथा चाय-कैंटीन के संचालन हेतु 14 जुलाई 2026 को सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जाएगी। नीलामी जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिष्ठान के सभागार में सायं 4:30 बजे संपन्न होगी। जारी नीलामी सूचना के अनुसार दुकान संख्या-1 (फोटोकॉपी/ फोटोग्राफी), दुकान संख्या-3 (फोटोकॉपी/फोटोग्राफी) तथा 2020 फीट के भू-खंड पर चाय-कैंटीन के संचालन का अधिकार खुली बोली के माध्यम से दिया जाएगा। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन 14 जुलाई को दोपहर 1 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे। नीलामी समिति ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक आवेदक को पहचान पत्र, पैन कार्ड एवं हैसियत प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। नीलामी की सभी नियम एवं शर्तें इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय महराजगंज की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा विस्तृत जानकारी जिला न्यायालय के सूचना पट्ट अथवा केन्द्रीय नजारत अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी समिति के अध्यक्ष एवं विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) आबिद शमीम ने अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला सूचना कार्यालय, एनआईसी, नगर पालिका, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, बस स्टेशन और जिला न्यायालय के नोटिस बोर्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।

एक नजर में

नीलामी की तिथिः 14 जुलाई 2026

आवेदन की अंतिम समय सीमाः दोपहर 1:00 बजे

नीलामी का समयः सायं 4:30 बजे

स्थानः जिला न्यायालय परिसर, महराजगंज नीलामी में शामिलः दो फोटोकॉपी/फोटोग्राफी दुकानें एवं एक चाय-कैंटीन भू-खंड अनिवार्य दस्तावेजः पहचान पत्र, पैन कार्ड और हैसियत प्रमाण पत्र।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**बिना लाइसेंस चल रही दो अवैध मीट दुकानें पकड़ी गईं, जांच के दौरान हुआ विरोध, मुकदमा दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार संवाददाता राजन जायसवाल**



कोन (सोनभद्र)। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को कोन क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाकर मानकविहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा टीम ने कटे फल, गन्ने का जूस, खुली मिठाइयों सहित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, साफ-सफाई बनाए रखने और प्रतिबंधित रसायनों का प्रयोग न करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में टीम ने कोन थाना क्षेत्र के ग्राम कचनरवा में संचालित दो मीट दुकानों का निरीक्षण किया। जांच में दोनों दुकानों पर बिना खाद्य पंजीकरण एवं लाइसेंस के मीट बिक्री किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई तथा भविष्य में बिना अनुमति कारोबार न करने की सख्त चेतावनी दी गई। कार्रवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब कुछ मीट विक्रेताओं एवं अन्य लोगों ने जांच टीम का विरोध करते हुए सहयोग करने से इंकार कर दिया। विभाग के अनुसार कुछ लोगों ने जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया, जबकि कई लोग अपना नाम-पता बताने से भी बचते रहे। विरोध के बीच कुछ दुकानदार अपना सामान समेटकर इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि टीम ने पूरी कार्रवाई नियमानुसार संपन्न की। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपदभर में ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। विभाग का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कानूनी कार्रवाई

# बीजपुर पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट में वांछित 04 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष बीजपुर के कुशल निर्देशन में थाना बीजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 04.07.2026 को थाना बीजपुर पुलिस टीम द्वारा माननीय अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुद्धी द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में मु0नं0-560/2021, धारा-427 भादवि से संबंधित 04 वारंटी अभियुक्तों को उनके निवास स्थान ग्राम नेमना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# अवैध शराब पर पुलिस का शिकंजा, 40 टेट्रापैक देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बभनी तिराहे पर चेकिंग के दौरान परसामलिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार**

महराजगंज। जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत परसामलिक पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 40 टेट्रापैक अवैध देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नौतनवा वसन्त सिंह के नेतृत्व में थाना परसामलिक पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार, 4 जुलाई 2026 को थाना परसामलिक पुलिस टीम ने बभनी तिराहे से बभनी गांव जाने वाले मार्ग पर सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस **अमन लेखनी समाचार** दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से 'बन्टी बबली' ब्रांड के 40 टेट्रापैक अवैध देशी शराब बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संग्राम कनौजिया (23 वर्ष) पुत्र धर्मराज कनौजिया, निवासी ग्राम परसामलिक, थाना परसामलिक, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर उसके विरुद्ध थाना परसामलिक में धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह यादव, महिला उपनिरीक्षक संजू गौड़, कांस्टेबल रामप्रवेश गौड़ तथा कांस्टेबल


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 को होगी रिलीज...

मुंबई। प्यार, धोखा और खौफनाक रहस्यों से भरपूर बॉलीवुड फिल्में दर्शकों की हमेशा से पसंदीदा रही हैं। आगामी फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' भी कुछ ऐसा ही वादा करती है, जिसका टीजर यूट्यूब पर जारी हो गया है। इंद्र दास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार शामिल हैं। एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ द्वारा निर्मित 'रहूं मैं तेरे रूबरू' प्यार, धोखे, रहस्य और अप्रत्याशित मोड़ का मिश्रण है। फिल्म का टीजर एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां रोमांस और रहस्य की एक झलक मिलती है। इसकी कहानी एक व्लॉगर के इर्द-गिर्द घूमती है।

## लाइफ Style

# तृषा

## कपड़ों से बदबू आने पर ब्रांड को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने कपड़ों के बड़े ब्रांड 'जारा' की सोशल मीडिया पर जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने शिकायत की है कि इस ब्रांड से जो कपड़े उन्हें मिले, उनसे पसीने की बहुत ही गंदी बदबू आ रही थी। इंस्टाग्राम पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इसे 'बेहद घिनौना' बताया है। तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी ग्राहक को ऐसी गंदी हरकत का सामना न करना पड़े। तृषा ने अपने इस पोस्ट में जारा ब्रांड के आधिकारिक खातों को भी टैग किया। उन्होंने सीधे शब्दों में लिखा, 'कम से कम कपड़े पैक करने से पहले उन्हें सूंघ तो लिया करो। उनके इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर भारी हलचल मचा दी है और उनके प्रशंसकों ने भी इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, अभी तक जारा कंपनी की तरफ से इस शिकायत पर कोई जवाब नहीं आया है। काम के मोर्चे पर बात करें तो तृषा को आखिरी बार फिल्म 'करुप्पु' में देखा गया था।

तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर ने मंगेतर ट्रैविस से की शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट ने हाल ही में अपने मंगेतर ट्रैविस केल्सी से शादी कर ली है। कहा जा रहा है कि टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स ने न्यूयॉर्क सिटी के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शादी की। हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की कोई भी फोटो या वीडियो शेयर नहीं की है। भारतीय रुपये के हिसाब से पॉप सिंगर की शादी में करीब 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ का भारी-भरकम खर्चा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की वेडिंग सेरिमनी 3 जुलाई 2026 को मैडिसन स्क्वायर गार्डन में हुई।



# 7 करोड़ में बनी हॉरर फिल्म ने 10 दिनों में कमा डाले 750 करोड़

लॉस एंजिल्स। हाल ही में रिलीज हुई हॉलीवुड हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' ने तो कमाई के मामले में इतिहास रच दिया है। 7 करोड़ के बजट में बनी की फिल्म ने सिर्फ 10 दिनों में 750 करोड़ रुपये का कलेक्शन पार कर लिया है। हॉलीवुड फल्मि 'ऑब्सेशन' का प्रीमियर पिछले साल 05 सितंबर 2025 को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टविल में हुआ था। वहीं, अब 15 मई 2026 को ये फिल्म थएिटर्स में रिलीज हुई है। दिलचस्प बात है कि इस फिल्म का बजट सिर्फ 7 करोड़ रुपये है और 10 दिनों में इस फिल्म ने 750 करोड़ रुपए कमा डाले। इस फिल्म ने कमाई के मामले में 'माइकल', 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया है। 'ऑब्सेशन' की कहानी की बात करे तो ये एक हॉरर फिल्म है, जिसमें माइकल जॉनस्टन लीड रोल प्ले करते नजर आए हैं।



# दक्षिण सिनेमा में जमाएंगी पैर...

मुंबई। शनाया कपूर के लिए बॉलीवुड का सफर कुछ खास साबित नहीं हुआ। उनकी डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' (2025) फ्लॉप निकल गई। आदर्श गौरव के साथ सर्वाइवल फिल्म 'तू या मैं' भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई। ताजा अपडेट है कि अभिनेत्री तीसरी फिल्म के लिए दक्षिण सिनेमा का रुख करने की तैयारी कर रही हैं। साल 2021 की जॉम्बी कॉमेडी फिल्म 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल से अभिनेत्री तेलुगु फिल्म जगत में डेब्यू कर सकती हैं। शनाया के साथ इस अभिनेता की बनेगी जोड़ी रिपोर्ट के मुताबिक, 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल में शनाया के साथ तेजा सज्जा मुख्य किरदार में नजर आएंगे। तेजा को 'हनु-मान' (2024) और 'मिराई' (2025) जैसी फिल्मों ने जबरदस्त सफलता दिलाई है।



# 'धुरंधर' को टक्कर देगी धमाल-4

मुंबई। मशहूर अभिनेता रवि किशन अपनी आने वाली फिल्म 'धमाल 4' को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने इस फिल्म को 'मजेदार पागलपन' बताया है। उनका मानना है कि आज के समय में दर्शक बड़े पर्दे पर इसी तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। रवि किशन ने आगे कहा कि भले ही बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की 'धुरंधर' जैसी मारधाड़ वाली फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन अब लोगों का झुकाव कॉमेडी फिल्मों की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है। यही वजह है कि उन्हें लगता है कि 'धमाल 4' सिनेमाघरों में एकदम सही समय पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी और ईशा गुप्ता जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे।

## टीवी मसाला

# कभी ट्रैफिक सिग्नल पर नाचीं तो कभी दूसरे के कंधे पर झूमीं

मुंबई। एकता कपूर की रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 को नेटफिलक्स पर काफी ज्यादा चर्चा में देखा जा रहा है। शो को शुरू हुई अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और इतने में ही यह शो काफी सुर्खियों में आ चुका है। इस सीजन में काफी सारे ऐसे सेलिबिटीज की भी एंट्री हुई जिनकी जिंदगी काफी विवादित है। कुछ कंटेस्टेंट्स के बीच खूब लड़ाई भी हुई है। लेकिन इसी बीच श्रेया कालरा काफी चर्चा में आ गई है। लॉकअप के सीजन 2 की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा पहले ही दिन से काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्हें फर्स्ट एपिसोड में राम कपूर के साथ में बहस करते हुए भी देखा जा चुका है।



*डांस रील पर हो चुका है हंगामा :* वैसे तो लॉकअप के शो में और श्रेया जितनी ज्यादा विवादित नजर आ रही है उतनी ही वह रियल लाइफ में भी कंट्रोवर्सी रह चुकी है। साल 2021 में वह अपनी एक डांस रील वीडियो को लेकर पहली बार चर्चा में आई थी। मध्य प्रदेश के इंदौर की श्रेया एक ट्रैफिक सिग्नल पर नाच रही थी और बीजी रोड पर उनका यह स्टंट उन्ही पर भारी पड़ गया। इनफ्लुएंसर के खिलाफ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने और पब्लिक में हंगामा करने पर एफआईआर दर्ज करवा दी थी।

*बॉयफ्रेंड पर चीट करने के लगाए गए आरोप:* श्रेया कालरा एमटीवी के मशहूर शो रोडीज का भी हिस्सा रह चुकी है। उन्हें कई बार पॉडकास्ट पर अपने बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल के साथ तीखी बयान बाजी करते हुए भी देखा जा चुका है। हालांकि अफसर ऋषभ और श्रेया को एक दूसरे पर पब्लिक में भी प्यार लुटाते हुए देखा जाता है। लेकिन एक बार श्रेया पर अपने बॉयफ्रेंड को धोखा देने के आरोप लगा दिए गए थे। साल 2025 के दौरान एक कंसर्ट का यह मामला है और यहां पर इनफ्लुएंसर को एक शख्स के कंधों पर बैठकर और नाचते हुए देखा गया था।

## शिवांगी जोशी ने गुपचुप रचा ली सगाई

मुंबई। शिवांगी जोशी टीवी इंडस्ट्री की एक मशहूर अभिनेत्री है और आपको बता दें कि उन्होंने यह रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में नायरा का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी एक खास पहचान बना ली थी। लेकिन इस समय वह रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 में कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई है। अब हाल ही में उन्होंने शो में इस बात का खुलासा किया है कि उनकी सगाई हो चुकी है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। शिवांगी जोशी का इस समय लॉकअप सीजन 2 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता हुआ नजर आ रहा है।



इस दौरान वह श्रेया कलर से बात करती हुई नजर आती है और बताती है कि उनकी सगाई हो चुकी है। शिवांगी जोशी ने इस पर बात करते हुए कहा कि मैं सीधा शादी करना चाहती हूं। जब श्रेया ने शिवांगी से सवाल किया कि उन्हें कैसा लड़का पसंद है तो इस पर वह मुस्कुराती है और कहती हैं कि मैं इंगेजड हूं। इसका सीधा मतलब है कि शिवांगी की सगाई हो चुकी है। लेकिन आखिरकार वह शख्स कौन है और क्या करता है?

# 'गट्टा कुश्ती 2' के मजेदार पागलपन को देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़...

मुंबई। विष्णु विशाल और ऐश्वर्या लक्ष्मी के शानदार अभिनय से सजी फिल्म 'गट्टा कुश्ती 2' ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। ये फिल्म 3 जुलाई, 2026 को रिलीज हुई है और इसे समीक्षकों से भी शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने धमाकेदार शुरुआत की है। इस नए भाग में 'वीर' और 'कीर्ति' की कहानी को और आगे बढ़ाया गया है। फिल्म में भरपूर कॉमेडी और पारिवारिक भावनाओं का ऐसा बेहतरीन तालमेल है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं और सिनेमाघरों में दर्शक इसका पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।



### बॉक्स ऑफिस पर 'गट्टा कुश्ती 2' ने कमाए इतने करोड़

*'गट्टा कुश्ती 2' ने अपने पहले ही दिन पूरे देश में 2.93 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा तमिलनाडु से आया, जहां फिल्म ने अकेले 2.60 करोड़ रुपये बटोरे। सिनेमाघरों में फिल्म के शोज को लेकर दर्शकों में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर सिनेमाघरों में सीटों की बुकिंग 22 प्रतिशत से ज्यादा रही, जो रात के शोज में बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई।*

# बॉलीवुड के कुछ ऐसे कलाकार, जिनकी सादगी के होते हैं चर्चे, स्टार बनने के बाद भी नहीं बदला अंदाज

मुंबई। रणबीर कपूर से लेकर पंकज त्रिपाठी और मनोज बाजपेयी तक, जानिए बॉलीवुड के उन सितारों के बारे में जिनकी सादगी और प्रोफेशनल रवैये की चर्चा इंडस्ट्री में भी होती है। बॉलीवुड में स्टारडम के साथ अक्सर बड़े एंटॉरेज, लग्जरी लाइफस्टाइल और अलग अंदाज की चर्चा होती है. लेकिन इंडस्ट्री में कुछ ऐसे सितारे भी हैं, जिन्होंने सफलता मिलने के बाद भी अपनी सादगी नहीं छोड़ी. उनके व्यवहार और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ डायरेक्टर्स, को-स्टार्स और फैंस तक करते हैं।



**रणबीर कपूर** : रणबीर कपूर की सादगी का जिक्र हाल ही में निर्देशक राजकुमार हिरानी ने Zoom को दिए एक इंटरव्यू में किया। उन्होंने बताया कि संजू की शूटिंग के दौरान रणबीर सीधे टीम और असिस्टेंट डायरेक्टर्स से बात करते थे। हिरानी ने कहा कि पूरी फिल्म बन गई और उन्हें यह तक पता नहीं चला कि रणबीर का मैनेजर कौन है। इससे पहले करण जौहर भी रणबीर के सहज और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ कर चुके हैं।

**पंकज त्रिपाठी** : पंकज त्रिपाठी की पहचान सिर्फ शानदार अभिनय ही नहीं, बल्कि उनकी सादगी भी है। कई इंटरव्यू में वे अपने गांव, परिवार और संघर्ष के दिनों को याद करते नजर आए हैं। सफलता मिलने के बाद भी उनके रहन-सहन और व्यवहार में ज्यादा बदलाव नहीं आया। सेट पर उनका शांत स्वभाव और सभी के प्रति सम्मान उन्हें इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कलाकारों में शामिल करता है।

**मनोज बाजपेयी** : मनोज बाजपेयी ने अपने दमदार अभिनय से अलग पहचान बनाई है। कई फिल्ममेकर्स और सह-कलाकार उनके अनुशासन, समय की पाबंदी और जमीन से जुड़े व्यवहार की तारीफ कर चुके हैं। वे हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि कलाकार की पहचान उसके काम से बनती है, न कि दिखावे से। यही सोच उन्हें बाकी सितारों से अलग बनाती है।

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी** : संघर्ष से सफलता तक का सफर तय करने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज भी अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। कई मौकों पर उन्होंने कहा है कि वे लाइमलाइट से ज्यादा अपने काम पर ध्यान देना पसंद करते हैं। उनके करीबी और इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी अक्सर उनके सहज स्वभाव और विनम्र व्यवहार की चर्चा करते हैं।

**विक्की कौशल** : विक्की कौशल ने कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग जगह बनाई है। सफलता मिलने के बाद भी उनका सहज व्यवहार अक्सर सुर्खियों में रहता है। फैंस के साथ उनका अपनापन, मीडिया से विनम्रता और सेट पर टीम के साथ सामान्य तरीके से पेश आना उनकी खास पहचान बन चुका है। यही वजह है कि वे इंडस्ट्री के सबसे डाउन टू अर्थ सितारों में गिने जाते हैं।

**एक बात सबसे अलग** : इन पांचों कलाकारों की एक बात सबसे अलग है। इन्होंने कभी स्टार बनने के बाद अपने व्यवहार को नहीं बदला। चाहे शूटिंग का माहौल हो या किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में मौजूदगी, ये सितारे अपने शांत और सम्मानजनक रवैये के लिए पहचाने जाते हैं। शायद यही वजह है कि इंडस्ट्री में भी इनकी सादगी की मिसाल दी जाती है।

## इन सितारों की बचाई जिंदगी

# जब डॉक्टर बने भगवान! अमिताभ से लेकर सैफ अली खान तक

*मुंबई। हिंदी सिनेमा में आपने अक्सर देखा होगा कि हीरो आखिरी वक्त पर आकर किसी की जान बचा लेता है लेकिन असल जिंदगी की कहानियां बिल्कुल अलग होती हैं क्योंकि यहां न बैकग्राउंड म्यूजिक होता है, न दूसरा टेक। होता है तो सिर्फ जिंदगी और मौत के बीच झूलता इंसान। उस वक्त सबसे बड़ा हीरो कोई सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऑपरेशन थियेटर में खड़ा डॉक्टर होता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही फिल्मी हीरो की कहानियां जिनके लिए डॉक्टर किसी फरिश्ते से कम नहीं साबित हुए।*

### अमिताभ बच्चन के लिए पूरा देश कर रहा था दुआ

सबसे पहले बात करते हैं अमिताभ बच्चन की जिन्हें फिल्म कुली के फाइटिंग के दौरान पुनित इस्सर ने इतनी जोर से मुक्का मारा कि उनके पेट में गंभीर अंदरूनी चोट आई। बेहद नाजुक हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई घंटे तक ऑपरेशन चला। उनके शरीर से काफी खून बह चुका था। पूरा देश बिग बी के लिए प्रार्थना कर रहा था। आखिरकार डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और अमिताभ ने मौत को मात दे दी। बाद में उन्होंने कई बार कहा कि उन्हें दूसरी जिंदगी मिली है और इसके लिए वह डॉक्टरों और अपने चाहने वालों के हमेशा आभारी रहेंगे।

### ऋषि कपूर: दो साल तक बीमारी से लड़ते रहे

ऋषि कपूर को 2018 में कैंसर का पता चला। इलाज के लिए वो अमेरिका के न्यूयार्क गए, जहां लगभग एक साल उनका इलाज चला। कई बार कीमोथेरेपी हुई, कई मेडिकल प्रोसेस से गुजरना पड़ा। इलाज के दौरान उन्होंने अपनी मुस्कान नहीं खोई. सोशल मीडिया पर वो अक्सर डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते थे। वापस इंडिया लौटने के बाद उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। हालांकि 2020 में उनका निधन हो गया। लेकिन डाक्टर्स की वजह से उन्हें अपने परिवार के साथ कुछ वक्त और बिताने का वक्त मिला।



अमिताभ बच्चन | सैफ अली खान | ऋषि कपूर | सोनू सूद

### सैफ अली खान: चंद मिनटों में बदल गई पूरी रात

सैफ अली खान के घर पर आधी रात को हुए चाकू से हमले ने पूरे देश को चौंका दिया। अपने बच्चों को चोर से बचाने के लिए सैफ ने अपनी जान तक दांव पर लगा दी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें तुरंत मुंबई के अस्पताल में ले जाया गया। एक चोट तो रीढ की हड्डी के बेहद करीब थी। मेडिकल टीम ने घंटों तक ऑपरेशन किया और वे स्वस्थ हो गए। डॉक्टरों का कहना था कि इलाज में थोड़ी भी देरी होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### गरीबों के मसीहा सोनू सूद

सोनू सूद को लोग गरीबों का मसीहा कहते हैं. हालांकि कुछ वक्त पहले उन्हें खुद भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा। लगातार काम और बिजी लाइफ के बीच एक मेडिकल समस्या के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। सोनू ने डॉक्टरों और मेडिकल टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि मरीज के लिए सिर्फ दवा ही नहीं, डॉक्टर का भरोसा भी बहुत बड़ी ताकत होता है।

### शाहरुख खान

शाहरुख खान ने अपने करियर में कई चोटें झेली हैं। कंधे, घुटने और पीठ की समस्याओं के कारण उन्हें कई बार सर्जरी करानी पड़ी। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में बताया है कि शरीर पर लगी चोटें उनके पेशे का हिस्सा बन चुकी हैं। हर बार डॉक्टरों की मदद और लंबी फिजियोथेरेपी के बाद ही वह दोबारा कैमरे के सामने लौट पाए।

### सलमान खान

सलमान खान भी अपने कई इंटरव्यूज में बता चुके हैं कि उन्हें 'ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया' बीमारी है। मेडिकल टर्म में इसे सबसे दर्दनाक माना जाता है। इसमें चेहरे की नस में तेज, अचानक और बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। सलमान ने इस बीमारी का इलाज यूएस से करवाया और डॉक्टर्स को शुक्रिया अदा किया।